उज्जैन
गुरुवार
08
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-67
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



मिस्ट्री गर्ल को डेट कर रहे हैं कार्तिक आर्यन सेम लोकेशन से दोनों की फोटो वायरल, 17 साल छोटी लड़की से जुड़ा एक्टर का नाम

पेज- 8

## वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे का निधन

**पटना।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश का निधन हो गया है। उनकी उम्र केवल 49 साल थी।



अग्निवेश वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड के बोर्ड में शामिल थे। अनिल अग्रवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी कि अग्निवेश अमेरिका में स्कीइंग के दौरान घायल हुए थे। उन्हें इलाज के लिए माउंट सिनाई अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्हें बुधवार को कार्डियक अरेस्ट आया। अनिल अग्रवाल ने बुधवार रात करीब 10 बजे एक्स पर पोस्ट कर बेटे के निधन की जानकारी दी। एक भावुक पोस्ट में बेटे के निधन को जीवन का सबसे अंधकारमय दिन बताया।

## अंबरनाथ में कांग्रेस के 12 सस्पेंड पार्षद बीजेपी में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र की अंबरनाथ नगर परिषद सीट पर कांग्रेस के 12 पार्षदों ने बीजेपी से गठबंधन कर जीत हासिल की थी। जिसके बाद कांग्रेस ने सभी को सस्पेंड कर दिया था। सभी सस्पेंड पार्षद बीजेपी में शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने बुधवार देर रात बीजेपी कार्यालय में इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा- लोगों ने इन पार्षदों को चुना था और उन्होंने नागरिकों से विकास का वादा किया था। वे हमारे साथ इसलिए आए हैं क्योंकि सरकार गतिशील तरीके से काम कर रही है और लोगों को न्याय और विकास देने में सक्षम है। 20 दिसंबर को हुए स्थानीय चुनावों के बाद, बीजेपी ने कांग्रेस के साथ अंबरनाथ विकास अघाड़ी बनाया था। इसमें अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी शामिल हैं।

## ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना भेज सकते हैं डोनाल्ड ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही है। इइउ के मुताबिक व्हाइट



हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने मंगलवार को इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इसे साकार करने के कई तरीके तलाश रही है, जिनमें सैन्य बल का इस्तेमाल भी शामिल है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है। वहां पर रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है।

## जेएनयू में मोदी-शाह के खिलाफ नारा एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार रात दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में साबरमती हॉस्टल के बाहर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगे विवादित नारे के मामले में एफआईआर दर्ज की। शिकायत जेएनयू के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौके पर 30-35 छात्र मौजूद थे। शुरूआत में कार्यक्रम शांतिपूर्ण था, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं मिलने पर भड़काऊ नारे लगाए गए। दो 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में आरोपी हैं। सीएसओ ने कुछ छात्रों की पहचान भी की है। दरअसल, 6 जनवरी को 35 सेकेंड का वीडियो वायरल हुआ। दावा किया गया कि जेएनयू के छात्रों ने 5 जनवरी की रात 'मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर' के नारे लगाए थे।

### उद्योगों का रसायनयुक्त पानी नदियों और जलाशय में मिलने से आम लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा

# प्रदूषित जल के ट्रीटमेंट के भी कोई उपाय नहीं किए

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल/उज्जैन**

शहरों में पेयजल आपूर्ति में बड़ा योगदान नदियों और जलाशय का है, लेकिन उद्योगों का रसायनयुक्त पानी इनमें मिलने से आम लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। प्रदेश में 2,515 उद्योग ऐसे हैं जो जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर रहे हैं। इन उद्योगों ने प्रदूषित जल के ट्रीटमेंट के भी कोई उपाय नहीं किए और दूषित जल सीधे जल स्त्रोतों में छोड़ दिए। ऐसे लाल (रेड) श्रेणी के उद्योगों पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का भी बस नहीं चल रहा।



**अमृत मित्र और प्रदूषित जल स्त्रोत-** सात हजार अमृत मित्र फिर भी प्रदेश में 305 नदियां, तालाब और जलाशय प्रदूषित हैं। मध्य प्रदेश में सात हजार अमृत मित्र जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य कर रहे हैं। इसके लिए भारत सरकार द्वारा अमृत 2.0 योजना के तहत 3.70 करोड़ रुपये का बजट मध्य प्रदेश को दिया गया और अमृत मित्र अंतर्गत 184 परियोजनाएं भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है। इसके बावजूद मध्य प्रदेश की 305 नदियां, तालाब और जलाशय प्रदूषित हो रहे हैं। प्रदेश में अमृत मित्र योजना के अंतर्गत जल गुणवत्ता परीक्षण की 55 परियोजनाएं, हरित क्षेत्र की 10 परियोजनाएं, अर्बन फारेस्ट्री में 501 परियोजनाएं बनाई गई हैं। इनमें से 184 परियोजनाएं भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की जा चुकी हैं, शेष 317 परियोजनाएं भारत सरकार की समीक्षा में हैं।


प्रदेश में रेड (लाल) श्रेणी के उद्योग प्रदूषणकारी हैं। समय-समय पर इनकी मानीटरिंग की जाती है। इनसे निकलने वाला अपशिष्ट नदियों के जल को प्रदूषित करता है। हालांकि कुछ उद्योगों में रियल टाइम मानीटरिंग सिस्टम भी लगाए गए हैं, लेकिन कुछ उद्योग ऐसे भी है जो अधिक प्रदूषणकारी हैं, उन्हें नोटिस देकर कार्रवाई भी की जाती है।

#### अनियंत्रित प्रदूषण और नियमों की अनदेखी

बता दें, उद्योगों की स्थापना और संचालन के लिए जल प्रदूषण नियंत्रण सहित अन्य पर्यावरण संबंधी अनुमतियां अनिवार्य हैं। प्रदेश में संचालित 5,961 उद्योगों ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से समेकित सहमति और प्राधिकरण (कंसोलिडेटेड कंसेंट एंड अथाराइजेशन-सीसीए) नवीनीकरण नहीं कराया है। ये अनियंत्रित प्रदूषण फैला रहे हैं, इनसे निकलने वाला अपशिष्ट नदियों के जल को जहरीला बना रहा है। इनके अपशिष्ट से नदियों का इको सिस्टम बिगड़ रहा है।

# मप्र में पारा 2.7 डिग्री, कोहरे से 12 ट्रेनें लेट

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली/भोपाल**



पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में सर्दी बढ़ गई है। राजस्थान के 4 शहरों का न्यूनतम तापमान बुधवार को 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। गुरुवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। 25 जिलों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है।

**राजस्थान के 23 जिलों में कोहरा, उत्तराखंड के 3 शहरों का तापमान -21 डिग्री**

मध्य प्रदेश में बीती रात शहडोल का कल्याणपुर सबसे सर्द रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री पहुंच गया। सीहोर, छिंदवाड़ा, मुरैना में पौधों पर ओस की बूंदें जम गईं। कोहरे के चलते दिल्ली से मप्र आने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रोजाना 2 से 6 घंटे लेट हो रही हैं। उत्तराखंड के 3 शहरों का तापमान -21 डिग्री दर्ज किया गया है। इनमें पिथौरागढ़ का आदि कैलाश, रुद्रप्रयाग का केदारनाथ और उत्तरकाशी का यमुनोत्री धाम शामिल है। उधर उत्तर प्रदेश में वाराणसी-मेरठ और झांसी समेत 38 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट है। लखनऊ-कानपुर समेत 26 जिलों में कोल्ड डे रहेगा।


### नाम बदलकर वेनेजुएला से तेल खरीदने जा रहा था

# अमेरिका ने रूस का जहाज जब्त किया

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका ने बुधवार को वेनेजुएला से तेल खरीदने जा रहे 2 टैंकरों को पकड़ लिया। न्यूज एजेंसी 'रशिया टुडे' के मुताबिक इसमें से एक रूस का जहाज मैरिनेरा है, जबकि दूसरे का नाम सोफिया है। सोफिया पर पनामा देश का झंडा है, लेकिन यह किस देश का है इसकी जानकारी नहीं है।

अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर मैरिनेरा को उत्तरी अटलांटिक में जब्त किया, जबकि दूसरा जहाज कैरिबियन सी में पकड़ा गया। ये दोनों जहाज कुछ घंटे के अंतराल पर पकड़े




गए। रूस ने अपने जहाज की सुरक्षा के लिए सबमरीन और अन्य नौसैनिक जहाज भेजे, लेकिन वे इसे बचाने में सफल नहीं हुए। रिपोर्ट के मुताबिक यह जहाज वेनेजुएला से तेल लेने जा रहा था, ताकि उसे चीन या दूसरे देशों को पहुंचाया जा सके। अमेरिकी सैनिक दो हफ्तों से मैरिनेरा जहाज का पीछा कर रहे थे।

### भागीरथपुरा के दिव्यांगों की गुहार

# हमें भी शुद्ध पानी उपलब्ध कराओ सरकार




**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

हम बोल-सुन नहीं सकते, लेकिन हमारी पीड़ा भी उतनी ही गहरी है, जितनी भागीरथपुरा में रहने वाले अन्य लोगों की। हमें रोज आरओ का पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। पहले ही हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर है, ऊपर से हमारी दिव्यांग पेंशन भी लंबे समय से बंद है। यह क्यों बंद की गई, कोई बताने को तैयार नहीं है। ऐसे में रोज महंगा पानी खरीदकर पीना हमारे लिए बेहद मुश्किल हो गया है। कम से कम हमारे लिए आरओ पानी की व्यवस्था करा दी जाए, ताकि इस परेशानी से मुक्ति मिल सके।

यह गुहार भागीरथपुरा में रहने वाले चेतन कुमार निम और उनके साथियों (मूक-बधिर) ने सांकेतिक भाषा में वीडियो जारी कर की है। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में उनके जैसे छह से अधिक दिव्यांग परिवार सहित रहते हैं। दूषित पानी का मामला सामने आने के बाद सभी बेहद चिंतित हैं और मजबूरी में रोज आरओ का पानी खरीदकर पी रहे हैं।

इस मामले में चेतन कुमार निम ने कलेक्टर को पत्र भी लिखा है। पत्र में उन्होंने बताया कि भागीरथपुरा में सरकारी नलों से आने वाला पानी नाली और ड्रेनेज के पानी से मिला हुआ है, जो पीने योग्य नहीं है। इस दूषित पानी के कारण क्षेत्र में गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। अब तक लगभग 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। स्थिति दिन-प्रतिदिन भयावह होती जा रही है। पत्र में चेतन निम ने लिखा है कि वे स्वयं दिव्यांग हैं और इस कारण अत्यंत असहाय स्थिति में हैं। दूषित पानी के चलते उन्हें पीने के लिए आरओ का पानी खरीदना पड़ रहा है, जिस पर उनकी आय से कहीं अधिक खर्च हो रहा है। यह स्थिति उनके लिए आर्थिक रूप से बेहद कठिन हो चुकी है।

## अमेरिकी अधिकारी ने कार सवार महिला को गोली मारी, मौत



**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में बुधवार को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट के एक एजेंट ने कार सवार महिला को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला की पहचान रेनी गुड (37) के तौर पर हुई है। वह तीन बच्चों की मां थीं। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के मुताबिक महिला ने अधिकारियों को कार से टक्कर मारने की कोशिश की थी, जिसके बाद एजेंट ने कार्रवाई की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आईसीई एजेंट का बचाव किया है। उन्होंने दावा किया कि महिला ने जानबूझकर अधिकारी को निशाना बनाया। शूटिंग के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्रम्प ने कहा, वीडियो बेहद डरावना है। घटना के तुरंत बाद सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए और आईसीई के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई।



## खबर एक नजर...

### दुर्घटना रोकने के लिए ट्रैक्टर ट्रालियों पर लगाये रेडियम

**उज्जैन।** रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष सड़क सुरक्षा अभियान में बुधवार को चिमनगंज कृषि मंडी पहुंचकर ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर/रेडियम स्ट्रिप्स लगाए। २ दिन पहले ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन कर अवैध हूटर और कांच पर काली फिल्म लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की थी। ट्रैफिक डीएसपी विक्रम सिंह कनपुरिया ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा लगातार नियमों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। विशेष सड़क सुरक्षा अभियान में रात्रिकालीन के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मंगलवार को ट्रैक्टर ट्राली और बड़े वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर/रेडियम स्ट्रिप्स लगाए जाने का काम शुरू किया गया है। अभियान में पहले दिन चिमनगंज कृषि उपज मंडी पहुंचकर 200 से अधिक ट्रैक्टर ट्राली और बड़े वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। रात्रि के समय या कम रोशनी में सड़क पर चलते अथवा खड़े भारी वाहनों के स्पष्ट रूप से दिखाई न देने के कारण दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है, जिसे रेडियम लगाने से प्रभावी रूप से कम किया जा सकेगा। रेडियम के माध्यम से वाहन अंधेरे में दूर से ही स्पष्ट दिखाई देंगे, जिससे पीछे से आने वाले वाहनों को समय रहते सतर्कता मिल सकेगी। अभियान के दौरान किसानों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों, रात्रि में सुरक्षित वाहन संचालन, वाहन पर आवश्यक सुरक्षा संकेतक लगाने तथा यातायात नियमों के पालन के संबंध में भी जागरूक किया गया।

### प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की समीक्षा

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख अलीम उज्जैन जिले के दौरे पर आए। यहां उन्होंने महिदपुर तथा नागदा में कार्यकताओं से मुलाकात कर राजनीतिक विषय पर चर्चा की। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने बताया कि 7 जनवरी को शेख अलीम ने महिदपुर में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की संगठन समीक्षा बैठक ली और साथियों से मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक दिनेश जैन बोस, नौशाद खान, अनिल आंचलिया, सगीर बेग, कैलाश बजना, इकबाल खान, जाकिर खान, इरफान राजा आदि मौजूद रहे।

### कबीर पंथ महासंघ ने की उपमुख्यमंत्री से मुलाकात

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर संगठन को लेकर चर्चा की। इस दौरान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन देवास, प्रदेश उपाध्यक्ष महंत परम मनोहर सोनकच्छ, मायादेवी उज्जैन, सुमन आंजना उज्जैन, गिरधारी लाल मालवीय आगर मालवा, चंदरसिंह सौराष्ठी शाजापुर आदि मौजूद रहे।

### बेंच प्रेस चैंपियनशिप के लिए मप्र के 144 खिलाड़ियों का दल रवाना

**उज्जैन।** हरियाणा पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 7 से 11 जनवरी हरियाणा के फरीदाबाद स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 34वीं राष्ट्रीय क्लासिक एवं इक्विप्ड सब जूनियर, जूनियर, सीनियर मास्टर्स महिला/पुरुष बेंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के कमल नंदवाना एवं शिव प्रसाद कुरे ने बताया कि पांच दिवसीय चैंपियनशिप में पूरे भारत से 1523 खिलाड़ी क्लासिक और इक्विड में भाग लेंगे। चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष केआर तिवारी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश टीम का चयन किया गया।

### शिवरात्रि से दशहरा मैदान में शुभारंभ, चीता स्कल्पचर, बोमा होगा आकर्षण का केंद्र

# उज्जैन में पहली बार विंध्य हर्बल वन मेला

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार विंध्य हर्बल वन मेला आयोजित होने जा रहा है। शिवरात्रि 15 फरवरी से शुरू होकर यह मेला 20 फरवरी तक उज्जैन के दशहरा मैदान में लगेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में 11वें अंतरराष्ट्रीय वन मेले के शुभारंभ के दौरान उज्जैन में वन मेला आयोजित करने की घोषणा की थी।

इसके बाद अब उज्जैन में यह आयोजन किया जा रहा है। वन मेले में पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण, आयुर्वेद और पारंपरिक ज्ञान का संगम देखने को मिलेगा। बच्चों और युवाओं के लिए मेले का सबसे बड़ा आकर्षण चीता परिवार का विशाल स्कल्पचर रहेगा। इसके साथ ही जंगली वन्य प्राणियों को पकड़ने में



उपयोग होने वाला बोमा भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को वन, जैव विविधता और चीतों के पुनर्स्थापन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मेले के आयोजन के दौरान महाकाल मंदिर से मेला परिसर तक निःशुल्क बस सेवा चलेगी। कम शुल्क पर ई-रिक्शा की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए गोल्फ कार्ट और व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है।

#### स्वाद और सेहत का संगम

मेले में विंध्य हर्बल के उत्पादों के साथ उज्जैन और आसपास के आंचलिक व्यंजन भी उपलब्ध रहेंगे। बांधवगढ़ के गोंडी व्यंजन और अलीराजपुर का दाल पनिया जैसे पारंपरिक खाद्य पदार्थों के जरिए आयुर्वेदिक कॉलेज के विशेषज्ञ उनके पोषण और औषधीय गुणों की जानकारी देंगे। इसका उद्देश्य पारंपरिक खानपान और सेहत के बीच के गहरे संबंध को सामने लाना है। यहां पर छह विशाल डोम बनाए जाएंगे। जिसमें लोगों जड़ी बूटियों के साथ वनोपज की खरीददारी कर सकेंगे।

#### 140 से अधिक हर्बल उत्पाद रखे जाएंगे

वन अधिकारियों के अनुसार मेले में विंध्य हर्बल के 140 से अधिक उत्पाद रखे जाएंगे। इनमें महुए से बनी बॉडी लोशन, एंटी एजिंग क्रीम, बच्चों के लिए ग्रोविट, महुआ युक्त च्यवनप्राश, लैब टेस्टेड जंगल की शहद और शिलाजीत शामिल हैं। सरकारी ब्रांड होने, लैब टेस्ट रिपोर्ट और आयुर्वेदिक प्रोसेसिंग के कारण इन उत्पादों की विशेष पहचान रहेगी। मेले के दौरान अंतरराष्ट्रीय हर्बल कार्यशाला और क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित होंगे। प्रतिदिन लगभग 250 आयुर्वेदिक चिकित्सक निशुल्क परामर्श देंगे। भोपाल में वन मेले की तर्ज पर उज्जैन में पहली बार विंध्य हर्बल मेले का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ प्रदेश के हर जिले में होने वाली जड़ बूटियां और वनोपज लोगों को देखने व खरीदने मिलेंगे।

**-एमडी लघु वनोपज**

# शीत में रखें स्किन का ध्यान



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर मे शीत का कहर चल रहा है। तापमान मे गिरावट का प्रभाव शरीर के विभिन्न अंग व स्किन पर भी गहरा होता है। अत्यधिक ठंड के कारण मानव शरीर की चमड़ी संकुचित होती है और खुजली, लाल चकत्ते व रैशेज की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। खुजली के कारण बहुत दिक्कत होती है। ऋतु संधिकाल में अर्टिकेरिया एक सामान्य रोग है जिसे मालवा क्षेत्र में ताफड़ कहते हैं। सूखी स्किन पर जगह-जगह लाल चकत्ते उभर आते हैं और खुजली चलती है। इसे नाखून से खुजलाने पर ये और फैलती है।

**कैसे करें स्किन केयर-** विंटर रैशेज से बचाव के लिए सूखी चमड़ी पर किसी क्रीम का लेपन प्रतिदिन करें ताकि अर्टिकेरिया से बचा जा सके। नियमितरूप से रात मे दूध के साथ हल्दी का सेवन उत्तम है क्योंकि हल्दी रक्तशोधक होती है। ग्वारपाटे या एलुविरा के रस का लेपन भी सूखी स्किन पर करना हितकर है।

**चिकित्सकों की सलाह-** शीत पित्त या अर्टिकेरिया सूखी त्वचा के कारण होनेवाला एक चर्म रोग है जो ऋतु बदलने पर होता है। इसका सरल उपाय है कि हम घर मे एक मिश्रण तैयार रखें। अच्छी गुणवत्ता वाली पिसी हल्दी और मिश्री दोनों सौ सौ ग्राम लेकर शुद्ध गाय के देशी घी में ड्राय फ्राय करें और एक चम्मच दो दो घंटे के अंतराल से गर्म पानी या दूध के साथ सेवन करें। दो दिन में ही आप ताफड़ या अर्टिकेरिया जैसे चर्म रोग से निजात पा लेंगे।



**डॉ. प्रज्ञान त्रिपाठी, नर्मदे आयुर्वेद मक्सी रोड।**

**पित्त के कारण व उपचार-** आमतौर पर शीत पित्त अत्यधिक शीत के कारण होती है। तापमान मे यकायक परिवर्तन, तंग व चुस्त कपड़े पहनने, त्वचा के रगड़ने व खरोचने या तनाव के कारण अर्टिकेरिया या पित्त होता है।



ठंड मे त्वचा की उचित देखभाल करें। सूखी त्वचा पर माइस्चराइजिंग क्रीम या खोपरे का तेल नियमित लगाएं। एलोवेरा जेल भी उपयोग में ला सकते हैं। एंटी एलर्जी टेबलेट किसी डाक्टर की सलाह पर लें। दूध के साथ हल्दी का सेवन करना चाहिए क्योंकि हल्दी ब्लड को शुद्ध बनाती है।

**-डॉ. जूजर हुसैन, डमेटीलॉजिस्ट।**

# दिल्ली पासिंग कार सवारों ने टोलकर्मी को मारे चाकू

### रात 2 बजे उन्हेल-नागदा मार्ग पर हुई घटना

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

दिल्ली पासिंग कार को आगे बढ़ाने की बात पर हुए विवाद में मंगलवार-बुधवार रात टोल कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया गया। कार में 4 युवक सवार थे, 2 चाकू लेकर उतरे थे।

भेरूगढ़ थाना एस आई महेंद्रसिंह सेंधव ने बताया कि उन्हेल-नागदा मार्ग पर बने चकरावदा टोल कर्मचारी अरुण पिता इंदर सिंह 27 वर्ष निवासी ग्राम जमालपुरा इंदौर रोड को चार युवकों ने चाकू मारकर घायल कर दिया था। टोल के अन्य कर्मचारी घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल अरुण के बयान दर्ज किए गए। उसने बताया कि उन्हेल की ओर से कार टोल पर आकर रुकी थी, बैरियर बंद था। अन्य गाड़ियां भी टोल पर आई थी। कार को आगे बढ़ाने की बात चालक से कही गई तो उसमें सवार चार युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। चारों कर से बाहर आए, दो के पास चाकू थे और दो के हाथों में लोहे के पाइप थे। चारों ने अचानक हमला कर दिया। चाकू और पाइप से उसे चोट लगी है। एसआई सेंधव के अनुसार मामले में चार अज्ञात युवको के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर कार दिल्ली पासिंग होना सामने आई है। हमला करने के बाद चारों कार से उज्जैन की ओर भागे हैं। कमरे में पहले बातचीत करते और फिर मारपीट करते युवक दिखाई दिए हैं। कार नम्बर के आधार पर चारों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

शहर के हाईवे मार्गों पर बने टोल टैक्स पर विवाद के मामले बढ़ते दिखाई दे रहा है। कभी टोल कर्मियों द्वारा वाहन चालकों से मारपीट की जाती है। कभी कर्मचारियों से मारपीट के मामले सामने आ रहे हैं। तीन-चार दिन पहले ही घटिया तहसील के उज्जैन-आगर मार्ग पर ग्राम पिपलाई टोल पर कर्मचारियों ने बस यात्रियों के साथ मारपीट की थी। इसे पहले भी उन्हेल-नागदा टोल पर मारपीट के मामले सामने आ चुके हैं।

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव में वर्चुवली जुड़ेंगे मुख्यमंत्री

## तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश भर के 800 विद्यार्थी 22 सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में एक बार फिर युवाओं का जोश, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और साहित्यिक विमर्श देखने को मिलेगा। विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो विश्वविद्यालय परिसर सहित तीन अलग-अलग स्थलों पर आयोजित होगा।

उत्सव का शुभारंभ गुरुवार को होगा। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, सांसद बालयोगी



उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और महापौर मुकेश टटवाल उपस्थित रहेंगे। सीएम आयोजन में वर्चुअली जुड़ेंगे।

करीब सात वर्षों बाद सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय को इस राज्य स्तरीय युवा उत्सव की मेजबानी का अवसर मिला है। इस बार के आयोजन को युवाओं के 'लघु कुंभ' के रूप में देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 10 जनवरी तक तीन दिवसीय उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

शुभारंभ समारोह गुरुवार सुबह 10 बजे माधव भवन परिसर स्थित मुक्ता काशी मंच पर होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज करेंगे। उद्घाटन सत्र के पश्चात विश्वविद्यालय परिसर से सांस्कृतिक रैली निकाली जाएगी, जिसका समापन शहीद पार्क पर होगा। कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताएं कराना नहीं है, बल्कि उज्जैन की अतिथि देवो भवः की परंपरा से प्रदेशभर से आए विद्यार्थियों को परिचित कराना भी है। तीन दिवसीय उत्सव में मध्यप्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से चयनित लगभग 800 विद्यार्थी भाग लेंगे। उत्सव का समापन 10 जनवरी को होगा। समापन समारोह में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा, जो आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

- प्रतिभागी कुल 22 सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।
- संगीत विधा में शास्त्रीय गायन (एकल), सुगम संगीत और समूह गान होगा।
- नृत्य विधा में लोक नृत्य और शास्त्रीय नृत्य होंगे।
- साहित्यिक विधा में वाद-विवाद, वक्तव्य कला और प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा।
- ललित कला में ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, रंगोली और पोस्टर मेकिंग शामिल हैं।

उज्जैन
गुरुवार
08
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

कष्टं च खलु मूर्खत्वं कष्टं च खलु यौवनम्।
कष्टात्कष्टतरं चैव परगृहेनिवासनम्॥
अर्थः मूर्खता कष्ट है, यौवन भी कष्ट है, किन्तु दूसरों के घर में रहना कष्टों का भी कष्ट है।

## खबर एक नजर...

### 10 ग्राम कोकीन के साथ जिम ट्रेनर गिरफ्तार, युवाओं को लगाता था लत

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 ग्राम कोकीन के साथ एक जिम ट्रेनर को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिम में आने-जाने वाले युवाओं को पहले नशे की लत लगाता था और बाद में ऊंचे दामों पर कोकीन बेचता था। फिलहाल क्राइम ब्रांच ने यह खुलासा नहीं किया है कि आरोपी किस जिम में ट्रेनिंग देता था। मामले में आगे की जांच जारी है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम अशद शेख निवासी खजराना है। आरोपी नशे के कारोबार में ह्लालयनह्न नाम से सक्रिय था। पुलिस के मुताबिक अशद पेशे से जिम ट्रेनर है और 12वीं तक पढ़ा-लिखा है। वह काफी समय से कोकीन की तस्करी और बिक्री में लिप्त था। जांच में सामने आया है कि अशद ने जिम से जुड़े कुछ लोगों को कोकीन की लत लगा दी थी। जिम की आड़ में ग्राहकों तक पहुंच बनाकर वह ज्यादा मुनाफा कमाने के उद्देश्य से नशे का कारोबार कर रहा था। इधर, क्राइम ब्रांच ने एक अन्य कार्रवाई में बिलाल खान निवासी कोहिनूर कॉलोनी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 10 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर बरामद की गई है।

### टूल बॉक्स में छिपाकर ले जा रहा था डोडा चूरा, इंदौर में ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर की तेजाजी नगर पुलिस ने बायपास पर भारी मात्रा में ट्रक के अंदर से डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस को देखकर आरोपी ने ट्रक भगाने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डीसीपी कृष्णा लालचंदानी की टीम ने एबी रोड पर चेकिंग के दौरान एक ट्रक को रोका था। जिसमें बैठा ड्राइवर बुट्टा सिंह पुत्र चुहर सिंह निवासी जालंधर पंजाब पुलिस को देखकर घबरा गया। वह पुलिस को देखकर भागने लगा। उसे रोका तो उसने पूछताछ में कुछ नहीं बताया। इसके बाद पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली। तलाशी में पुलिस ने पाया कि डीजल टैंक के पास बने टूल बाक्स में 87 किलो डोडा चूरा छिपा हुआ था। आरोपी ने बताया कि उसे इसकी डिलीवरी करने के 10 हजार रुपए मिलते थे। वह काफी समय से इसकी डिलीवरी अलग-अलग प्रदेशों में कर रहा है। ठंड के दिनों में इसकी बिक्री बढ़ जाती है। इसके चलते उसका परिवहन किया जा रहा था।

### युवती से मोबाइल पर बातचीत को लेकर विवाद, मारपीट और कार में तोड़फोड़, कई घायल

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक परिवार के साथ मारपीट और कार में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। परिवार के लोग घर की लड़की से मोबाइल पर बात करने को लेकर एक युवक को समझाने पहुंचे थे, लेकिन युवक ने अपने साथियों को बुलाकर उन पर हमला कर दिया। आजाद नगर पुलिस के अनुसार, गोविंद पुत्र हरिप्रसाद, निवासी देवास की शिकायत पर लक्की कदम (पुत्र संतोष कदम, निवासी मूसाखेड़ी) और उसके साथी आकाश (पुत्र विश्राम जाटव), भय्यू और चीनी (पुत्र बबलू, निवासी शिवनगर) के खिलाफ मारपीट और तोड़फोड़ का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता गोविंद अपने भाई दिलीप, बहन रेखा और अन्य रिश्तेदारों के साथ रात करीब 10 बजे टवेरा कार से रिश्तेदार संतोष कदम के घर पहुंचे थे। आरोप है कि संतोष का बेटा लक्की उनकी परिवार की बेटी से मोबाइल पर बात करता था, जिसे लेकर वे उसे समझाने पहुंचे थे। इसी दौरान लक्की ने अपने दोस्तों को बुला लिया और सभी ने गाली-गलौज करते हुए अचानक हमला कर दिया।

# इंदौर कलेक्टर-मेयर देर रात पहुंचे आरएसएस दफ्तर

## दूषित पानी से मौतों और प्रशासनिक तालमेल पर चर्चा, कांग्रेस बोली- सलामी देने गए अफसर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा और महापौर पुष्यमित्र भार्गव बुधवार देर रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय पहुंचे। संघ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दोनों से भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों और प्रशासनिक तालमेल को लेकर बात की गई।

सूत्रों ने यह भी बताया कि संघ के मालवा प्रांत प्रचारक राजमोहन ने कलेक्टर और महापौर से करीब डेढ़ घंटे तक वन-टू-वन चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, मामला संभाल नहीं पाने पर महापौर को कड़ी फटकार भी लगी है।

महापौर भार्गव, रामबाग स्थित नए संघ कार्यालय 'सुदर्शन' सरकारी गाड़ी से पहुंचे थे। उन्हें छोड़ने के बाद शासकीय वाहन वापस रवाना हो गया था। बैठक खत्म होने के बाद वे अपने निजी वाहन से लौटे।



बैठक से बाहर आने के बाद महापौर भार्गव ने पत्रकार से कहा- मैं संघ कार्यालय आता रहता हूं। आज भी सहज ही आया था।

**भाजपा संगठन महामंत्री भी ले चुके बैठक-** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों के मामले में बीजेपी पहले ही एक्शन मोड में आ चुकी है। इंदौर में संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने बंद कमरे में महापौर के साथ ही स्थानीय पार्षद कमल वाघेला, एमआईसी मेंबर बबलू शर्मा और संगठन के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे के साथ बैठक की थी। इस बैठक में हितानंद ने हिदायत दी थी कि सभी तालमेल से काम करें। बेवजह की बयानबाजी से दूर रहें। यही नहीं, मामले में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी दिल्ली का चक्कर लगा चुके हैं। हाईकमान के आदेश के बाद अब सभी नेताओं की बयानबाजी पर रोक लग चुकी है।

### इंदौर की छवि को ठीक करना प्राथमिकता

- सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह बात भी हुई है कि भविष्य में इस तरह की घटना न हो और प्रशासनिक तालमेल की कमी की बात भी नहीं उठे। सभी अधिकारी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की बातों को सुनें और उनके साथ तालमेल बैठाते हुए काम करें।
- चर्चा का फोकस इस बात पर रहा कि अब इंदौर की छवि को स्वच्छ करना है। पहली प्राथमिकता है कि भागीरथपुरा में हालात ठीक हो जाएं। यहां हर जरूरतमंद तक पहुंचा जाए। बीमारों के इलाज में किसी तरह की कोताही न हो।

### कांग्रेस बोली- प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न

- कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा- नलों से जहर बह रहा है, जनता मर रही है। प्रशासन लाचार दिख रहा है और कलेक्टर संघ कार्यालय में उपस्थित होकर राजनीतिक निष्ठा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह प्रशासनिक मर्यादा का घोर उल्लंघन है। वे संघ कार्यालय में सलामी दे रहे हैं।
- कलेक्टर का संघ कार्यालय जाना न केवल चौंकाने वाला है बल्कि प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यह प्रशासन और सत्ताधारी संगठन के खतरनाक गठजोड़ को उजागर करता है। यह साबित करता है कि भाजपा शासन में संवैधानिक पद अब स्वतंत्र नहीं, बल्कि राजनीतिक एजेंडे के उपकरण बन चुके हैं।

### इंदौर में नर्मदा लाइन का वॉल खोलते ही निकला लीकेज

# भागीरथपुरा में ड्रेनेज के लिए खोदे गए गड्ढे में भरा पानी, आईसीयू में अभी भी 9 मरीज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। 9 मरीज अब भी आईसीयू में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पूरे मामले में अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों की कुल संख्या 437 है। बुधवार रात तक की स्थिति में इनमें से 381 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। यानी फिलहाल 56 मरीज भर्ती हैं।

इधर, बुधवार को भागीरथपुरा चौकी के पास बनी टंकी का वॉल खोला गया। इस दौरान सभी हैरान रह गए। दरअसल, दो दिन पहले जहां ड्रेनेज लाइन का पाइप डाला गया था, वहीं से पानी बाहर आने लगा। कुछ ही देर में ड्रेनेज लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में भी पानी भर गया।

हालांकि, नर्मदा लाइन से आ रहे पानी के इस्तेमाल को लेकर पहले ही क्षेत्र में मुनादी कराई जा चुकी थी। लोगों को साफ तौर पर इस पानी का उपयोग न करने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रक्रिया आगे भी कुछ समय तक जारी रहेगी, जिससे नर्मदा लाइन से दूषित पानी पूरी तरह बाहर निकाला जा सके। दूसरी ओर, इलाके में दूषित पानी का खौफ इतना है कि यहां लोग पानी को छानकर और उबालकर पी रहे हैं। लगातार समझाइश भी दी जा रही है कि पीने का पानी उबालकर ही इस्तेमाल करें।

### टैंकर के पानी पर निर्भर

भागीरथपुरा में इतनी मौतों के बाद लोगों ने बोरिंग का यूज बंद कर दिया है। रहवासी टैंकरों और आरओ के पानी पर निर्भर हैं। बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 मरीज डायरिया की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इनमें से 6 को रेफर किया है।

# 2 साल से भागीरथपुरा पी रहा गंदा पानी

### युवती की मौत हुई तो डर से बच्चों ने पानी पीना छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से लोगों की मौत का सिलसिला अभी नहीं बल्कि दो साल से चल रहा है। 29 फरवरी 2024 को क्षेत्रीय पार्षद कमल वाघेला द्वारा महापौर पुष्यमित्र भार्गव को लिखे एक पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि क्षेत्र के रहवासियों को गंदे पानी के कारण टाइफाइड, पीलिया एवं बुखार की समस्या हो रही है।

एक 23 वर्षीय युवती की मौत तक हो चुकी है। भागीरथपुरा में रमेश बिंजवा किराने वाले की गली में रहने वाली उक्त युवती की मौत के बाद पास ही में रहने वाली दो लड़कियों ने डर के मारे पानी पीना बंद कर दिया था। उन्हें गीता भवन अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। हालांकि अब उनकी स्थिति ठीक है। यह घटनाक्रम बताता है कि जिम्मेदारों को लंबे समय से भागीरथपुरा में पानी की स्थिति का पता था, बावजूद इसके सुधार के प्रस्ताव फाइलों से ही बाहर नहीं आ पाए। पार्षद के पत्र के दो दिन पहले महापौर ने भी वहां का निरीक्षण किया था। नर्मदा और ड्रेनेज लाइन पासपास मिली।

कई जगह पेयजल पाइप-लाइन में टूट-फूट भी नजर आई। यानी दो साल पहले ही स्पष्ट हो गया था कि भागीरथपुरा में ड्रेनेज मिला पानी सप्लाई हो रहा था। बार-बार बताया गया कि वहां परेशानी है। अफसर अमृत-2 के नाम पर रुके रहे, जबकि भागीरथपुरा की स्थिति देखते हुए यह काम तुरंत करने की जरूरत थी।

**- पुष्यमित्र भार्गव, महापौर**

# आसमान में बच्चे की तबीयत बिगड़ी, इमरजेंसी लैंडिंग के बाद मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में जयपुर से बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार एक साल के बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चे को सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई।

**जयपुर से बेंगलुरु जा रहा था परिवार इंदौर में सीपीआर भी दिया था**




जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट क्र240 मंगलवार को जयपुर से शाम 5:30 बजे रवाना होकर रात 8:10 बजे बेंगलुरु पहुंचने वाली थी। यात्रा के दौरान विमान में सवार एक साल के बच्चे को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसकी सूचना परिजनों ने तुरंत एयर होस्टेस को दी। हॉस्पिटल प्रबंधन के अनुसार, बच्चे का नाम मोहम्मद अबरार था और उसकी उम्र एक साल थी। वह अपने पिता मोहम्मद अजलान, मां फिरोजा और बड़े भाई के साथ जयपुर से बेंगलुरु अपने घर जा रहा था। बताया जा रहा है कि फ्लाइट में बैठने से पहले ही बच्चे की तबीयत कुछ ठीक नहीं थी। आशंका जताई जा रही है कि उड़ान के दौरान पानी या दूध पिलाते समय वह श्वास नली में चला गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

### इंदौर एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग

- स्थिति गंभीर होने पर पायलट ने नजदीकी एयरपोर्ट इंदौर से शाम करीब 7:20 बजे संपर्क किया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को इंदौर एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति दी और एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। इलाज के लिए एयरोब्रिज पर ही डॉक्टरों की टीम तैनात कर दी गई।
- शाम 7:50 बजे विमान के लैंड करते ही बच्चे को तुरंत बाहर लाया गया। विमान में मौजूद एक डॉक्टर पहले से ही बच्चे को सीपीआर दे रहे थे। इंदौर एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों ने भी लगातार सीपीआर देते हुए बच्चे को एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे डॉफिन हॉस्पिटल रेफर किया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो चुकी थी।

## खबर एक नजर...

### मंगेश श्रीवास्तव लाला बने उज्जैन उत्तर विधानसभा उज्जैन के समाज अध्यक्ष

**उज्जैन।** समाजसेवी मंगेश श्रीवास्तव लाला को कायस्थ समाज उज्जैन उत्तर विधानसभा उज्जैन का अध्यक्ष पद दिया गया। उज्जैन उत्तर विधानसभा का समाज अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव को बनाए जाने पर सभी वरिष्ठजन, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मंत्री विश्वास सारंग, सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, पूर्व मंत्री पारस जैन, मध्य प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष नारायण यादव, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, चित्रगुप्त मंदिर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, राज्यसभा सदस्य उमेश नाथ जी महाराज, पूर्व सभापति सोनू गहलोत, राजेश बाथम, हरिओम सक्सेना, दीपक कुमार खरे, जबलपुर, सचिन खरे आगर महामंत्री आनंद सिंह खींची, कमल बेरवा, जगदीश पांचाल, संजय अग्रवाल नगर अध्यक्ष भाजपा, सुभाष डोडिया, नगर मंत्री ऋषी वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, भरत सक्सेना, अमित श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव इंदिरा नगर, दीपक श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव, सपना सक्सेना, राहुल माथुर, अमित श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव, प्रियांशु श्रीवास्तव आदि ने हर्ष व्यक्त किया। भगवान चित्रगुप्त के वंशज कायस्थ समाज उज्जैन के आयोजनों में मंगेश श्रीवास्तव सदा सेवा भाव एवं निस्वार्थ भाव से समाजजनों की समस्या के हल के लिए हमेशा तत्पर रहते है। समाज में अपनी सेवा देने वाले सेवाभावी मंगेश श्रीवास्तव ने इसे भगवान चित्रगुप्त जी से मिला आशीर्वाद बताया है।

### जो दूल्हा बिना दहेज के निकाह करेगा, उसे 11000 प्रदान किए जाएंगे

**उज्जैन।** जो दूल्हा बिना दहेज के निकाह करेगा, उसे सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में 11000 प्रदान किए जाएंगे।

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक सैयद अबीद अली मीर एवं संयोजक हाजी शेरू भाई ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का निशुल्क 27वा ऑल इंडिया इजतीमाई निकाह प्रोग्राम में शामिल होने के लिए अपने जोड़ो के आवेदन 15 जनवरी तक संस्था कार्यालय 48 अमरपुरा पर अनिवार्य रूप से कर दे। दुल्हन की उम्र 18 वर्ष एवं दूल्हा की उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है।

# खण्डेलवाल प्रीमियर लीग-4 में केपीएल चैंपियंस का खिताब महादेव, विष्णु वॉरियर के नाम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

खण्डेलवाल युवा परिवार द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित आयोजन खण्डेलवाल प्रीमियर लीग-४ में केपीएल चैंपियंस का खिताब महादेव एवं विष्णु वॉरियर ने अपने नाम किया।

सामाजिक एकता एवं महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित केपीएल में दो केटेगरी युवा वर्ग एवं वरिष्ठ समाजजन की टीम के मैच हुए। प्रातः 9 से देर रात्रि तक चलने वाले मैचो में विशेष अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद सदस्य एवं संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन उपाध्यक्ष राजेश सिंह कुशवाह, समाजसेवी गोविंद शर्मा का सानिध्य प्राप्त हुआ ।

सेकंड इनिंग टर्फ मक्सी रोड पर हुए टूनामेंट के मुख्य स्पॉन्सर कान्हा वाटिका मनोज डंगायच निशांत डंगायच, को-स्पॉन्सर संतोष मामोडिया मयंक मामोडिया रहे। सांसद फिरोजिया ने वक्तव्य में युवा परिवार द्वारा महिलाओं को टूनार्मेंट में विशेष प्रतिनिधित्व देने हेतु आयोजकों की सराहना की।

इस दौरान 8 लीग मैच एवं 2 सेमी फाइनल एवं फाइनल मुकाबला शामिल था। युवा केटेगरी में 18 से 40 वर्ष के महिला पुरुष की 5 टीम जिसमे




महाकाल वॉरियर्स के मालिक देवेन्द्र जांघिनीय, शम्भू वॉरियर्स के मालिक राहुल धामाणी, शिवा वॉरियर्स के मालिक अतुल आयुष खण्डेलवाल, नीलकंठ वारियर्स के मालिक नीलेश खण्डेलवाल, महादेव वॉरियर्स के मालिक गोविंद खण्डेलवाल एवं वरिष्ठ समाजजन केटेगरी (40-60 वर्ष) में ब्रह्मा वारियर्स के मालिक खण्डेलवाल एक्टिविस्ट, विष्णु वॉरियर्स के मालिक आशीष मेंठी, महेश वॉरियर्स के मालिक अंकित लोया थे। युवा वर्ग के बेहद रोमांचक मुकाबले में आनंद भोग आटा की टीम महादेव वॉरियर्स कप्तान अनिकेत मेंठी की विजयी हुई, वही वरिष्ठ समाज जन वर्ग में अनिकेत एंटरप्राइज की टीम विष्णु वॉरियर्स कप्तान अभिषेक कुलवाल की विजयी हुई। टूनार्मेंट में सर्वाधिक रन का खिताब शिवांश खण्डेलवाल एवं सर्वाधिक विकेट का खिताब तनिष्क रावत को मिला। वुमन ऑफ केपीएल का खिताब श्रुति खण्डेलवाल, मेन ऑफ केपीएल का खिताब शिवांश खण्डेलवाल एवं राजेश कुलवाल को मिला।

**खण्डेलवाल युवा परिवार की क्रिकेट प्रतियोगिता युवा, वरिष्ठों की टीमों के बीच हुआ**

टूनार्मेंट के सफल संचालन में युवा परिवार अध्यक्ष शुभम सामरिया, सचिव मयंक मामोडिया, कोषाध्यक्ष सुमित झालानी, उपाध्यक्ष आकाश झालानी, सहसचिव विवेक मेहरवाल, कार्यकारिणी सदस्य रितेश खण्डेलवाल, शिवम सामरिया, मयंक झालानी, अभिषेक मेठी, अधीश मेहरवाल, लेखांश झालानी, अमित सामरिया, सुमित सामरिया, अतुल खण्डेलवाल, प्रतीक खण्डेलवाल, रोहित धामाणी, दीप बैवाल की मुख्य भूमिका रही। आयोजन के एजुकेशनल पार्टनर वर्जिन मैरी स्कूल से सौरभ चौधरी, हेल्थकेयर पार्टनर आयु फिजियोथेरेपी से डॉ आयुषी भावसार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष गोविंद खण्डेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, उपाध्यक्ष राजेन्द्र झालानी, गुलशन नाटाणी, सिद्धेश्वर दास, मनीष खण्डेलवाल, राजेंद्र सोखिया, ओम माचीवाल मनीष मेहरवाल, डॉ अजय गुप्ता, अर्पित गुप्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सम्मान समारोह में आचार्य शैलेंद्र पाराशर 'राष्ट्रीय शिप्रा शिरोमणि'2026' से सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कालिदास संस्कृत अकादमी के संकुल सभागृह में शिप्रा महाविद्यालय, उज्जैन द्वारा 'राष्ट्रीय सम्मान समारोह ' के अभिनव आयोजन में महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानन्द गिरि एवं निदेशक डॉ.अभिषेक सिंह तोमर ने साहित्यकार आचार्य शैलेंद्र पाराशर का शाल उड़ाकर एवं वैजयंती भेंट कर राष्ट्रीय शिप्रा शिरोमणि '2026 सम्मान से सम्मानित किया। सम्मान समारोह में कला, साहित्य, संगीत और पत्रकारिता जगत की यशस्वीं विभूतियों एवं संस्था के मेधावी यशस्वी एवं वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने वाले विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानन्द गिरि थे। अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य बालकृष्ण शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. रमन सोलंकी और साहित्यकार डॉ. गिरीश पंड्या थे। समारोह में शिप्रा महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक एवं तात्कालिक चित्रकारिता की चमत्कारिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का सफल, प्रभावी आवाज एवं अभिनव शैली में संचालन मयंक शुक्ला ने किया। शिप्रा महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अभिषेक सिंह तोमर ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के प्रति सभी का आभार अभिव्यक्त किया।



### बाल संप्रेषण गृह में दी सांप से जुड़ी जानकारी

उज्जैन बाल संप्रेषण गृह मालनवासा में 7 जनवरी को स्नेक अवेयरनेस प्रोग्राम किया गया। कार्यक्रम में ग्लोबल जीव-जंतु संरक्षण संस्थान समिति के अध्यक्ष व सर्प प्रेमी आमिर अली एवं सहयोगी हर्ष चंगेशरिया द्वारा सर्पों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां बताई गई।कार्यक्रम के दौरान सर्पों के विभिन्न प्रकार, विषैले एवं गैर-विषैले सांपों की पहचान, उनकी प्रजातियां, सर्पदंश से बचाव के उपाय तथा सर्पों को लेकर समाज में फैली भ्रांतियां के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर किशोर कोमल अंजना सिंह, सदस्य रचना उपाध्याय, विजयेंद्र सिंह आरोण्या, अधीक्षक मेहताब सिंह परस्ते उपस्थित रहें।

### दूषित पेयजल के कारण हुई मौतों से आक्रोश, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का फूंका पुतला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

इंदौर में दूषित पेयजल के कारण हुई मौतों और उसके बाद नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिए गए विवादित बयान से आक्रोशित युवा कांग्रेस द्वारा घटिया विधानसभा के ताजपुर में विनय मंडलोई के नेतृत्व में कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष जावेद पटेल, पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र मालवीय, सतीश मंडलोई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हीरालाल लोहान ताजपुर, जिला उपाध्यक्ष रवि यादव, प्रदेश महासचिव अंकित विशु यादव, प्रदेश महासचिव रेणुका गांधी, अनीता राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष देव कपूर, जिला महासचिव नीतेश मालवीय, परवीनजी, जितेंद्रजी सहित ग्रामीणजान सभी साथी उपस्थित रहे।

विनय मंडलोई ने इंदौर की घटना को सीधे तौर पर सरकार और नगर निगम की लापरवाही का परिणाम बताया। उन्होंने मांग की कि इस ह्रदय विदारक घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और दोषियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनहित के मुद्दों पर अपना रवैया नहीं बदला, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# शिप्रा महाविद्यालय का 'राष्ट्रीय सम्मान समारोह 2025-26' संपन्न

### साहित्य, कला और संगीत के दिग्गजों सहित गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थी और कला गुरु सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कालिदास संस्कृत अकादमी के संकुल हॉल में शिप्रा महाविद्यालय द्वारा 'राष्ट्रीय सम्मान समारोह 2025-26' का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में देश की नामचीन हस्तियों, विदुषियों और प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजा मानसिंह तोमर विश्वविद्यालय की प्रवीण सूची (टी१३ छ२३) में स्थान बनाने वाले गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों और विद्यालयों में कला की अलख जगाने वाले शिक्षकों का विशेष सम्मान किया गया।

**अतिथियों का सानिध्यः** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानन्द गिरि जी थे। अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं संस्कृति मर्मज्ञ डॉ. बालकृष्ण शर्मा जी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. रमन सोलंकी और प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गिरीश पंड्या मंचासीन रहे।

**स्वागत एवं संचालनः** कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अभिषेक सिंह तोमर ने स्वागत भाषण दिया और संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन मयंक शुक्ला जी द्वारा किया गया।

**राष्ट्रीय सम्मानों का वितरण-** समारोह में देश की विभूतियों को निम्नलिखित सम्मानों से अलंकृत किया गयाः राष्ट्रीय शिप्रा शिरोमणि सम्मान 2025-26ः साहित्यः आचार्य शैलेंद्र पाराशर जी संगीतः श्री उमेश आनंद जी चित्रकलाः डॉ. चंद्रशेखर काले जी राष्ट्रीय शिप्रा अलंकरण सम्मान 2025-26ः पत्रकारिताः वरिष्ठ पत्रकार श्री निरुक्त भार्गव रंगमंचः श्री पंकज आचार्य संगीतः श्री शरद सूर्यवंशी जी चित्रकलाः श्री लक्ष्मी नारायण सिहरोडिया जी नृत्यः डॉ. पल्लवी किशन जी हास्य कविताः श्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर जी

राष्ट्रीय कला गुरु सम्मान 2025-26ः चित्रकला के क्षेत्र में अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों के योगदान को सराहते हुए उन्हें 'राष्ट्रीय कला गुरु सम्मान' प्रदान किया गयाः डॉ. रेणुका पांचाल, श्रीमती नीतू तोमर, श्रीमती शीतल पवार, डॉ. अर्चना गर्ग, संध्या तिवारी, मुकेश भिलाला, समरथ पाटीदार एवं अलका नागर।

विद्यार्थियों की विशेष उपलब्धियाँःमहाविद्यालय के उन होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया जिन्होंने राजा मानसिंह तोमर विश्वविद्यालय की प्रवीण सूची में स्थान बनाकर गोल्ड मेडल प्राप्त कियाः गोल्ड मेडल अवॉर्ड 2025ः पुनीत कदवाने, सौरभ कैथवास, अनीता शर्मा एवं शिवानी सोलंकी। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रतिष्ठित टाइटल्स भी प्रदान किए गएः मिस्टर एसएफसी 2025ः नितिन परिहार मिस एसएफसी 2025ः अनीता शर्मा मिस्टर आइकॉन 2025ः पुनीत कदवाने शाइनिंग स्टार 2025ः चित्रांगदा गोधा राइजिंग स्टार 2025ः आर्यव चौरसिया कार्यक्रम के अंत में शिप्रा महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दी गई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## खबर एक नजर...

### अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने की उपमुख्यमंत्री से मुलाकात, संगठन को लेकर चर्चा की

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के निवास स्थान भोपाल में पहुंचकर उनसे मुलाकात कर संगठन को लेकर चर्चा की। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन देवास, प्रदेश उपाध्यक्ष महंत परममनोहर सोनकच्छ, अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ नारी शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मायादेवी उज्जैन, प्रदेश अध्यक्ष सुमन आंजना उज्जैन, सदगुरु कबीर जनकल्याण सेवा संस्थान आगर - मालवा के अध्यक्ष गिरधारी लाल मालवीय, संरक्षक चन्दरसिंह सौराष्ठी शाजापुर आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष उज्जैन आए

उज्जैन। मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख अलीम उज्जैन जिले के दौरे पर आए। यहां उन्होंने महिदपुर तथा नागदा में कार्यकताओं से मुलाकात कर राजनीतिक विषय पर चर्चा की। शेख अलीम ने जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की संगठन समीक्षा बैठक ली\ नगर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने बताया कि 7 जनवरी को शेख अलीम ने महिदपुर में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की संगठन समीक्षा बैठक ली और साथियों से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्य रूप विधायक दिनेश जैन बॉस, उज्जैन जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष नौशाद खान, अनिल आचालिया, कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बजना, पार्षद जाकिर खान, इरफान राजा, अनीस मंसूरी, नरेश शर्मा, अनिल शर्मा,मन्सुर पटेल रफिक शेख और सभी अल्पसंख्यक विभाग और कांग्रेस के साथी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बेंच प्रेस चैंपियनशिप हेतु मध्य प्रदेश का 144 खिलाड़ियों का दल रवाना

### चैंपियनशिप में पूरे देश से करीब 1523 खिलाड़ी करेंगे सहभागिता




उज्जैन। पावरलिफ्टिंग इंडिया के मार्गदर्शन में हरियाणा पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 7 से 11 जनवरी हरियाणा के फरीदाबाद स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 34वीं राष्ट्रीय क्लासिक एवं इक्विप्ड सब जूनियर,जूनियर,सीनियर मास्टर्स महिला/पुरुष बेंच प्रेस चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी कमल नंदवाना एवं शिव प्रसाद कुरे द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि लगातार पांच दिवसीय चैंपियनशिप में पूरे भारत से करीब 1523 खिलाड़ी क्लासिक और इक्विड में भाग लेंगे। उक्त चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष के आर तिवारी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश टीम का चयन किया गया। चैंपियनशिप में प्रदेश से सभी वर्ग समूह व इक्विप्ड और क्लासिक खिलाड़ी मिलाकर 144 खिलाड़ी सहभागित करेंगे।

मध्य प्रदेश टीम के कोच व मैनेजर की अहम भूमिका राष्ट्रीय निर्णायक कैटिगरी 1 संजीव राजदान, मीरा राजदान, देवेंद्र नाहर, यू पी सिंह, अशोक तिवार,आशीष जैन,जगदीश जुननिया,अंबिकेश तिवारी द्वारा निर्वहन की जाएगी। संस्था प्रमुख महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, के.आर. तिवारी, रमेश दवे, प्रेमसिंह यादव, प्रशांत मिश्रा, शरीफ खान, विस्टन लाल, अजय जायसवाल, सत्नारायण वारिया, जे सी राठौर,शशिकांत और पूरे पॉवर लिफ्टिंग परिवार द्वारा खिलाड़ियों को बेस्ट ऑफ लॉक कहा गया और विजय श्री की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## बोहरा समाज के बुरहानी क्रिकेट क्लब का तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट 9 जनवरी से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दाऊदी बोहरा समाज की संस्था बुरहानी क्रिकेट क्लब द्वारा क्षीर सागर ग्राउंड पर तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूनार्मेंट 9 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित होगा, जिसमें देशभर से बोहरा समाज के खिलाड़ी उज्जैन पहुंचेंगे। मुर्तजा जरी वाला एवं खुजेमा चांदा भाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना अलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन (त.उ.श) साहब की मंशा के अनुरूप यह आयोजन किया जा रहा है। उनका उद्देश्य है कि समाज के युवा सोशल मीडिया से दूर रहकर खेल और स्वस्थ गतिविधियों की ओर अग्रसर हों।इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बुरहानी क्रिकेट क्लब द्वारा इस टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। टूनार्मेंट का शुभारंभ 9 जनवरी, शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे क्षीर सागर ग्राउंड पर होगा। आयोजन को लेकर संस्था द्वारा तैयारियां जोरों पर हैं। तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट में दाऊदी बोहरा समाज की 12 टीमों द्वारा भाग लिया जाएगा, जिनके बीच लीग एवं नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार, 11 जनवरी को खेला जाएगा।

# आत्महत्या जैसा विचार मन में न आए, इसलिए सखी संवाद सेल का गठन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



वर्तमान जीवन में बढ़ते तनाव एवं युवाओं में बढ़ती आत्महत्या को मद्देनजर रखते हुए छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु कालिदास कन्या महाविद्यालय में *सखी संवाद सेल* का गठन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सखी समाज सेल की संयोजक डॉ. कविता जैन मैडम ने बताया कि छात्राओं के हित में बनाए गए इस सेल में छात्राओं की समस्याओं का समाधान काउंसलर्स द्वारा किया जाएगा किया जाएगा । डॉ रूपा भावसार ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य मन से जुड़ा है और मन ज्ञान और बुद्धि का माध्यम है। स्वस्थ जीवन शैली उचित आहार नींद व्यायाम और स्वस्थ मनोरंजन के साथ नियमित दिनचर्या हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को पोषित करता है। तनाव से बचने के लिए अपने काउंसलर से संवाद करें।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति की भावनात्मक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति यह दशार्ती है कि हम क्या सोचते हैं कैसा महसूस करते हैं और कैसे कार्य करते हैं। हमारे जीवन में कई कठिनाई आती है ।

# प्री-बजट सुझावों पर हुई परिचर्चा




### टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन सदस्यों ने करदाताओं एवं व्यवसायियों को आ रही व्यावहारिक समस्याओं को प्रमुखता से रखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी केंद्रीय बजट के परिप्रेक्ष्य में टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन उज्जैन द्वारा प्री-बजट सुझावों पर एक संक्षिप्त एवं सारगर्भित परिचर्चा आयोजित की गई।

केंद्र शासन द्वारा एमवायजीओवी डॉट इन पोर्टल पर जनसामान्य से केंद्रीय बजट पर सुझाव मांगे गए है, जिसकी अंतिम तिथि 16 जनवरी 2026 है। परिचर्चा में सदस्यों ने उज्जैन जैसे टियर-3 शहरों के करदाताओं एवं छोटे व्यवसायियों को आ रही व्यावहारिक समस्याओं को प्रमुखता से रखा। विशेष रूप से जटिल अनुपालन प्रक्रियाएँ, बार-बार बदलते नियम, तकनीकी पोर्टल संबंधी कठिनाइयाँ तथा सीमित संसाधनों के बावजूद समयबद्ध अनुपालन का दबाव चर्चा के मुख्य बिंदु रहे। सदस्यों ने मत व्यक्त किया कि कर कानूनों को सरल, स्पष्ट एवं व्यावहारिक बनाया जाना आवश्यक है, जिससे छोटे शहरों के करदाता भी बिना अनावश्यक भय एवं विवाद के सहज रूप से अनुपालन कर सकें।

परिचर्चा में प्राप्त सुझावों को संकलित कर संबंधित विभाग को प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। परिचर्चा में संस्था अध्यक्ष सीए नीलेश अग्रवाल, एडवोकेट पी के दास, सीए कामिनी मेहरवाल, खाचरोद से एडवोकेट एम के चंडालिया, संस्था के उपाध्यक्ष एडवोकेट अमोल जोशी व संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट जीतेन्द्र चौहान ने किया। उपरोक्त जानकारी संस्था के सचिव एडवोकेट प्रसून भवालकर द्वारा दी गयी।

# भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति रद्द होने के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




भारत मुक्ति मोर्चा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन बालियात्रा लोअर ग्राउंड, कटक (ओडिशा) में प्रस्तावित था, जो ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) की जाति आधारित जनगणना के समर्थन में आयोजित किया जाना था। संगठन की ओर से अधिवेशन के लिए ओडिशा जिलाधिकारी, कटक महानगर पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों से सभी आवश्यक अनुमतियां दो माह पूर्व ही विधिसम्मत रूप से प्राप्त कर ली गई थीं। इसके बावजूद सरकार द्वारा अधिवेशन की अनुमति रद्द कर दी गई। इस निर्णय के विरोध में तथा ओबीसी की जाति आधारित जनगणना को लेकर संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयु. गंगा मालवीय के नेतृत्व में सौंपा गया। मुकेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई है कि बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति तत्काल प्रभाव से पुनः बहाल की जाए।

साथ ही अधिवेशन रद्द होने से संगठन व डेलीगेट्स को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाए। भविष्य में किसी भी संगठन के संवैधानिक, सामाजिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों को राजनीतिक दबाव में रोकने की परंपरा समाप्त करने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा हेतु स्वतंत्र कानून बनाए जाने की मांग भी रखी गई। अध्यक्ष आयु. गंगा मालवीय ने कहा कि ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे को दबाने की साजिशों की न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने आरोप लगाया कि ओडिशा की राज्य सरकार संविधान की शपथ लेकर सत्ता में आने के बावजूद उसका उल्लंघन कर रही है और जनता के मौलिक अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है।ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से अनुच्छेद 356 के तहत संवैधानिक तंत्र की रक्षा के लिए ओडिशा राज्य सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग भी की गई।

## काली पट्टी बांधकर सरकार से कार्रवाई वापस लेने की मांग

**उज्जैन।** अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में जिले में लगातार धरना-प्रदर्शन एवं विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पद से हटाए जाने की कार्रवाई के विरोध में मध्यप्रदेश अजाक्स के आह्वान पर उज्जैन जिले में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया गया। मीडिया प्रभारी डी.एल. भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष डॉ. आर.एल. परमार के नेतृत्व में अजाक्स के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्यालयों में कार्य किया। इस दौरान जिला कोषालय, कलेक्टर कार्यालय, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रकट किया। जिला अध्यक्ष डॉ. आर.एल. परमार ने कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा पर की गई कार्रवाई सरकार द्वारा पूरी तरह से गलत है। सरकार को यह कार्रवाई तत्काल वापस लेनी चाहिए, अन्यथा अजाक्स द्वारा धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन लगातार जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर जिला सचिव राजेश सूर्यवंशी, बी.एल. सिदल, सहित अजाक्स के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### तीन आरोपियों से 150 क्वार्टर देशी शराब जप्त

मन्दसौर। यशोधर्मन थाना पुलिस ने कृषि उपज मण्डी लालघाटी रोड़ पर तीन आरोपियों के कब्जे से 150 क्वार्टर देशी शराब जप्त की है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने मंगलवार की दोपहर में आरोपी श्यामलाल पिता मांगीलाल निवासी बोरखेड़ा के कब्जे से 50 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जप्त की। इसी प्रकार जसपाल उर्फ गोपाल (42) पिता राजाराम निवासी संजीत रोड़ नूर कॉलोनी मंदसौर के कब्जे से 50 क्वार्टर देशी मशाला जप्त की। इसी क्षेत्र में पुलिस ने एक अन्य प्रकरण में आरोपी सत्यनारायण (48) पिता भुवान निवासी कल्पना नगर गाडोलिया बस्ती के कब्जे से 50 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जप्त की। पुलिस ने इन तीनों प्रकरणों में आरोपियों के खिलाफ 34 आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

### इन्वेस्ट करने के नाम पर व्हाट्सअप पर धोखाधड़ी

मन्दसौर। जिले के शामगढ़ में एक युवक के साथ अज्ञात आरोपी ने व्हाट्सअप पर मैसेज कर इन्वेस्ट करने के लिये रुपए डलवाये व रिफण्ड नहीं किये। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शामगढ़ थाने पर फरियादी सानिध्य (23) पिता जगदीश मुजावदिया निवासी पंजाबी कॉलोनी शामगढ़ ने की रिपोर्ट की है कि 10 दिसम्बर 2025 की रात से 18 दिसम्बर 2025 के 12 बजे के बीच फरियादी के साथ आरोपी ने व्हाट्सअप पर मैसेज कर इन्वेस्ट करने के लिये रुपए डलवाये व रिफण्ड नहीं किये। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 319(2) व 308 में प्रकरण दर्ज किया है।

### नदी नालों में गंदगी और जलकुंभी हटाने की मांग

**नीमच।** शहर के नदी व नालों में जलकुंभी संक्रामक रोगों का कारण बन सकती है। उक्त आशय का बयान जारी करते हुए डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा ने कहा कि जलकुंभी से पानी में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण बैक्टीरिया और कीटाणु पनपते हैं जो दूषित जल से होने वाले रोग हो जाती है,

# छोटी काशी में साहित्य का उत्सवः 29 जनवरी से सजेगी सीतामऊ साहित्य महोत्सव की महफिल

## बाल मेले और आतिशबाजी के साथ शुरू हुई तैयारियां



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध जिले के सीतामऊ नगर में 29 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव के द्वितीय संस्करण का मंगलवार की संध्या लदूना तालाब स्थित सेवाकुंज परिसर से विधिवत एवं भव्य आगाज किया गया। इस अवसर पर एक हजार आकाशदीप आकाश में उड़ाए गए तथा आकर्षक आतिशबाजी की गई, जिससे पूरा सेवाकुंज परिसर प्रकाशमय हो उठा।

इस अवसर पर कलेक्टर अदिति गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, सुवासरा विधायक, एसडीएम शिवानी गर्ग सहित साहित्य प्रेमी आदि उपस्थित रहे। आगाज कार्यक्रम के दौरान दोपहर में बच्चों के लिए विशेष बाल मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रचनात्मक एवं आकर्षक स्टॉल लगाए गए।

सीतामऊ साहित्य सम्मेलन के माध्यम से क्षेत्रवासियों को एक बार फिर सीतामऊ की ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक समृद्धता से परिचित कराया जाएगा। मुख्य आयोजन 29, 30 एवं 31 जनवरी को सीतामऊ में आयोजित होगा, जिसमें साहित्य, कला, संस्कृति एवं दर्शन से जुड़ी देश की जानी-मानी हस्तियां सहभागिता करेंगी। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिदिन विभिन्न विधाओं से जुड़े रुचिकर और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसे लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। क्षेत्र में उपलब्ध हस्तलिखित ग्रंथ, ताम्रपत्र एवं अन्य बहुमूल्य ऐतिहासिक धरोहरें शोध और अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र रही हैं, जिनका उल्लेख एवं विमर्श इस महोत्सव में किया जाएगा। आयोजन के दौरान पूरे नगर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।

## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिये 4 का चयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत सतना में आयोजित राज्य स्तरीय महिला वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन वॉलीबॉल महिला टीम मे मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की खिलाड़ियों निशा वाघेला, हिमशिखा यादव, रितिका बैरागी, जानवी हांडा, का चयन हुआ है। खिलाड़ियों के चयन होने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ .दिनेशचंद्र गुप्ता, खेल अधिकारी राजू कुमार, खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी बंशीलाल बारीवाल, खेल अधिकारी अब्दुल रज्जाक, मनीष पांचाल एवं जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, सचिव त्रिभुवन कविश्वर, कोच अभिषेक सेठिया ने बधाई दी है।

## श्रीमती विजयवर्गीय के निधन पर लायंस को मिला नेत्रदान

**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से श्रीमती मुन्नीदेवी विजयवर्गीय के दुखद निधन के पश्चात, उनके परिजनों ने नेत्रदान संपन्न कराया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने नेत्र उत्सर्जित करने की प्रक्रिया पूर्ण की।लायन अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया मृत्यु के पश्चात भी किसी के जीवन में प्रकाश भरना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। विजयवर्गीय परिवार ने समाज के प्रति जो जिम्मेदारी निभाई है, वह सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान प्रोजेक्ट चेयरमैन सी.ए. विकास भंडारी, सुनील विजयवर्गीय, अजय लोढ़ा, पार्षद सुनील बंसल ने दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की। क्लब सचिव विक्रांत भावसार ने विजयवर्गीय परिवार का इस अनुकरणीय निर्णय के लिए साधुवाद ज्ञापित किया।

# मन्दसौर जिला विकास सलाहकार समिति का गठन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मन्दसौर जिले के सर्वांगीण विकास और स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला विकास सलाहकार समिति का औपचारिक गठन कर दिया गया है। कलेक्टर कार्यालय (योजना एवं सांख्यिकी) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस नवगठित समिति में कुल 36 सदस्यों को शामिल किया गया है।

समिति की कमान सीधे प्रदेश के मुखिया के हाथों में होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति के सदस्यों में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायकगण विपिन जैन, हरदीपसिंह डंग, चंदरसिंह सिसौदिया, मंदसौर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, जनपद मंदसौर, मल्हारगढ़, सीतामऊ, गरोठ, भानपुरा के अध्यक्ष सहित भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायकगण यशपालसिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, भाजपा नेता मदनलाल राठौर, अनिल कियावत, सुषमा आर्य, मुकेश काला, मानसिंह माछोपुरिया, नानालाल अटोलिया, धीरज पाटीदार, रमेशचन्द्र चन्द्रे, गोपाल पटवा, प्रियंका गोस्वामी, संजय मुरड़िया, विकास सुराना, तेजपालसिंह शक्तावत, राधेश्याम कुमावत, क्षितिज पुरोहित, विकास भण्डारी को शामिल किया गया है। मन्दसौर कलेक्टर इस समिति के सदस्य सचिव होंगी।

इस समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य जिले की जनता और जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर दीर्घकालीन विकास योजनाएं बनाना है। वोकल फॉर लोकल सिद्धांत के तहत स्थानीय पारंपरिक कौशलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना। स्थानीय प्रयासों से नए नवाचारों को लागू करना और रोजगार के अवसर सृजित करना। उद्योग, व्यापार, कृषि, खनिज और जल संरक्षण के क्षेत्र में ठोस कार्ययोजना तैयार करना रहेगा।

### राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रविना का चयन

इंदिरा गांधी शासकीय कन्या महाविद्यालय, मन्दसौर की छात्रा रविना कंवर का चयन 12 से 16 जनवरी तक मैंगलोर में आयोजित होने वाली अ.भा.अंतर विश्व विद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कोच मुकेश भटेवरा ने बताया रविना कंवर का चयन विगत 16 व 17 दिसम्बर तक जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मी. बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर हुआ हैं। जिला खेल अधिकारी विजेन्द्र देवड़ा, उत्कृष्ट महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे, कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधीर रायजादा, क्रीड़ाधिकारी राजू कुमार, मनीष पांचाल, गजेंद्र जायसवाल ने बधाई दी।

### ग्रामीण मजदूरों की चौपाल पर पूर्व सांसद नटराजन ने सुनी शिकायत



**पिपलिया मंडी।** मन्दसौर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व एवं मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनासा खुर्द ग्राम पंचायत में गांव पामाखेड़ा, मनासा खुर्द में मनरेगा ग्रामीण मजदूरों की चौपाल पर पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन जी ने हर शिकायत सुनकर बताया कि नए नियम मजदूर-विरोधी हैं। आधार, तकनीक और सीमाओं से गरीब बाहर हो रहे हैं! यह सिर्फ योजना नहीं, गरीबों का हक है! इस अवसर पर पंचायत स्तर पर संगठन सृजन अभियान की शुरुआत हुई।

# चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के प्रतिभा सम्मान समारोह में 2500 मेधावी विद्यार्थी होंगे सम्मानित

### 10 जनवरी को विधायक सभागृह में होगा समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में इस वर्ष करीब 2500 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन 10 जनवरी को बरबड़ विधायक सभागृह में होगा। इस संबंध में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें समिति के सर्व श्री शैलेंद्र डागा (पूर्व महापौर), निर्मल लुनिया, महेंद्र नाहर, सोना शर्मा एवं आनंद जैन उपस्थित रहे।

फाउंडेशन अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप द्वारा नगर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। 93 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 121 मेधावी विद्यार्थी अतिथियों के साथ मंच साझा करेंगे। सभी मेधावी विद्यार्थियों को अभिभावकों की उपस्थिति में रिस्ट वॉच एवं शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। सभी बच्चों के पुरस्कार के कूपन एवं अभिभावकों के निमंत्रण स्कूल पहुंचा दिए गए है। मेधावी विद्यार्थी अपने स्कूल से संपर्क कर अपने कूपन प्राप्त कर सकते है।

# विधानसभा चुनाव हारने के बाद पुनः प्रेमचंद गुड्डू ने दिखाया दमखम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलोट



विधानसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ने के बाद बुधवार को पहली बार प्रेमचंद गुड्डू ने आलोट में अपने पुत्र अजीत बोरासी के जन्मदिन मनाने के बहाने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर अपनी ताकत को बताया है । हालांकि अजीत बोरासी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बिहार में विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाकर भेजा था । लेकिन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अभी तक पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू एवं उनके पुत्र अजीत बोरासी को कांग्रेस में लेने की अधिकृत घोषणा नहीं की है । नगर के पंचम विहार कॉलोनी में बुधवार को उनके निवास के पास ही एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें विधानसभा क्षेत्र के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे थे, इस दौरान गुड्डू इंदौर से हेलीकॉप्टर द्वारा आलोट पहुंचे यहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया । इस दौरान गुड्डू ने कहा कि मैंने क्षेत्र की हमेशा सेवा की है।

## खबर एक नज़र...



### 51.58 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी मिली

**नेपानगर।** नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 51.58 करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिससे 2033 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी और धूलकोट सहित पूरे जनजातीय अंचल की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। विधायक मंजू दादू की मेहनत से ये परियोजनाएं मिली हैं। तीन परियोजनाएं हैं - फूल धावड़ी डेम, कालमाटी बैराज और रेतघाट बैराज। इससे धूलकोट क्षेत्र के 35-40 गांवों को फायदा मिलेगाष इन परियोजनाओं से हजारों किसान लाभान्वित होंगे, खेतों को नियमित पानी मिलेगा, भू-जल स्तर सुधरेगा और खेती फायदे का सौदा बनेगी। इससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा और गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के समग्र विकास की बुनियाद सिंचाई है। जनजातीय बहुल इलाकों में पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है । नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में एक तालाब और दो बैराज का निर्माण किया जाएगा, जिससे 2033 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 51 करोड़ 58 लाख 4 हजार रुपए है ।

### एसडीओपी बृजेश मालवीय खरगोन से स्थानांतरित होकर मनावर आए



**मनावर।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) पद पर अनुभवी दबंग पुलिस अधिकारी एसडीओपी बृजेश कुमार मालवीय को खरगोन से मनावर स्थानांतरित किया गया। जिससे मनावर नगर तथा विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर छा गई। एसडीओपी बृजेश कुमार मालवीय के पदस्थ होने पर क्षेत्र की आपराधिक तथा अवैध गतिविधियो पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

### पंच परिवर्तन विषय को केंद्रित कर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

**मनावर।** पंच परिवर्तन विषय को केंद्रित कर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन गुरुवार रात्रि को श्रीराम मंदिर,परिसर नदी किनारे,मनावर में श्रीमद् भागवत कथा पांडाल में किया जाएगा । जिसमें हास्य कवि संदीप यादव राजगढ़, गीतकार अजय पाटीदार बड़वेली, ओज स्वर आशीष त्रिवेदी भोपावर, कवियित्री दीपिका व्यास मनावर, कवियित्री प्रियांशी कालापीपल,ओज कवि पंकज प्रखर सिंघाना, गीतकार दीपक पटवा मनावर काव्य पाठ करेंगे । संचालन राम परिंदा और संयोजक की भूमिका नीतेंद्र मंडवाल नीत निभाएंगे । कविगण पंच परिवर्तन में कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण जागरूकता और नागरिक कर्तव्यों पर अपनी रचना पाठ को केंद्रित रखते हुए , हास्य,वीर, श्रृंगार और व्यंग्य की रचनाएं पढ़ेंगे ।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में खनिज ब्लॉक को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक

**आलीराजपुर,।** खनिज ब्लॉकों के संबंध में शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्य के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत आलीराजपुर, एसडीएम जोबट, एसडीएम चन्द्र शेखर आजाद नगर, अधीक्षक भू-अभिलेख, जल संसाधन विभाग के प्रमुख प्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख प्रतिनिधि एवं जिला खनिज अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान खनिज ब्लॉक की प्रक्रिया किए जाने के संबंध में शासन के दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओं को लाभ बंद होने का मामला सामने आया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर



नेपानगर नगरीय क्षेत्र में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में पात्र महिलाओं का लाभ अकारण बंद होने का मामला सामने आया है। इस विषय को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधि राजेश पटेल लारा ने पूर्व में ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नेपानगर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को लिखित रूप में आवेदन देकर अवगत कराया था, किंतु अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

लाड़ली बहना योजना के दो चरण में नेपानगर नगरीय क्षेत्र से 4698 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 4241 महिलाएँ पात्र पाई गईं। इसके बावजूद तकनीकी एवं प्रशासनिक त्रुटियों के कारण 29 महिलाओं के नाम समग्र से, 06 महिलाओं के नाम आधार से समग्र डिलीट, तथा 05 महिलाओं को बिना आवेदन किए ही परित्याग दर्शा दिया गया, जिससे उनका लाभ बंद हो गया।इस गंभीर जनसमस्या को लेकर आज जनसुनवाई में प्रभावित लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं। जनसुनवाई में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सृजन वर्मा एवं अपर कलेक्टर वीर सिंह चौहान की उपस्थिति में यह मामला प्रमुखता से रखा गया। अधिकारियों ने विषय की गंभीरता को समझते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लाड़ली बहनों के लाभ बंद होने के कारणों की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पार्षद सपना पटेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आत्मसम्मान और जीवन-यापन से जुड़ी योजना है, और जनता की समस्याओं को समझना एवं उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करना ही जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है। राजेश पटेल लारा ने कहा कि आंदोलन उद्देश्य नहीं है, समाधान लक्ष्य है। यदि प्रशासनिक या तकनीकी त्रुटि के कारण पात्र महिलाओं का लाभ बंद हुआ है तो उसे शीघ्र सुधार कर बहनों को उनका अधिकार दिलाया जाना चाहिए। प्रशासन द्वारा शीघ्र निराकरण के आश्वासन के बाद प्रभावित महिलाओं में समाधान की आशा जगी है।

## ग्राम आम्बुआ में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी



**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे और तहसीलदार सुश्री मंजू डावर द्वारा आम्बुआ क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया था साथ ही पूर्व में ही डोडी पिटवा कर सूचना दी गई थी,जिसमें उन्हें स्वयं अपने स्तर पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। सूचना के बाद कुछ जागरूक नागरिकों ने प्रशासन का सहयोग करते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया। वहीं, जिन नागरिकों द्वारा निर्धारित समयावधि में अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## टांडा सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था का अम्बार घर से ग्रामीणों को लाना पड़ती है चद्दर और कम्बल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टाण्डा



धार जिले की बाग जनपद पंचायत के ग्राम टांडा मे शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजो के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़ ,शासन- प्रशासन के दावे जमीनी स्तर पर फैल। सरकार हो या जिला स्वास्थ्य विभाग मरीजों को बेहतर सुविधा देने के दावे करता है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। टांडा नगर के अस्पताल में मरीजों के बेड पर चादर नहीं बिछाई जा रही है इससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। मरीजों को मजबूरन बिना चादर वाले बेड पर ही लेटना पड़ रहा है।

यह अस्पताल नगर का एकमात्र सरकारी अस्पताल है। यहां टांडा की अनेको पंचायतों के मरीज इलाज कराने आते हैं। वही प्रसव के लिए भी क्षेत्र कि महिलाओं को लाया जाता है । परंतु बदलते मौसम और ठंड मरीजो में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में बिना चादर वाले बेड पर मरीजों को रखना संक्रमण को न्योता देने जैसा है। ग्रामीण मरीजों का कहना है कि उन्हें यह भी नहीं पता चलता कि पहले इस बेड पर कौन सा मरीज था और उसे कौन सी बीमारी थी। स्वास्थ्य विभाग के नियम के अनुसार, हर दिन बेड पर अलग रंग की चादर बिछाई जानी चाहिए। लेकिन अस्पताल प्रबंधन से यह नियम पालन नहीं हो रहा। मरीज को अस्पताल में साफ-सफाई और बेड पर चादर नही बिछने मे घोर लापरवाही हो रही है इस संबंध मे जब ड्यूटी कर रहे हैं डॉक्टर से चर्चा की तो उन्होंने गोल मोल जवाब दे कर पल्ला झाड लिया।

### घर से चादर लाने को मजबूर मरीज

शास्किय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा मे भरती मरीजों के परीजनों से चर्चा मे मालुम हुआ कि डिलेवरी करने को हमारे घर कि महिला के साथ आये हुए हैं परंतु हमे सरकारी अस्पताल मे मिलने वाली सुविधा की जानकारी नही और ना बताई गई है?

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ सख्ती, पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा सभी अधिकारियों को अपने अपने कार्यक्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए गए है। इसी के तहत आलीराजपुर तहसीलदार श्रीमती सविता राठौ ने नगर में पतंग विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया। वहीं जोबट नगर में तहसीलदार श्री सुनील राणा एवं नगर पालिका अधिकारियों ने अपने कार्य क्षेत्र में स्थित पतंग विक्रय की दुकानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही उदयगढ़ और कट्ठीवाड़ा नगर में भी राजस्व अधिकारियों द्वारा पतंग विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में उपलब्ध मांझे की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से दुकानदारों को प्रतिबंधित चाइनीज मांझा न बेचने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई।

विदित हो कि जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा जिले की राजस्व सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 163(1) के तहत चाइना मेड नायलॉन डोर के क्रय विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन ने दुकानदारों से अपील की कि वे जनहित एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल वैध और सुरक्षित सामग्री का ही विक्रय करें।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत किए जा रहे हैं कार्यों का किया अवलोकन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा मंगलवार को राजपुर विकासखंड के भ्रमण के दौरान नगर के ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों की समीक्षा की और ग्राउंड पर कचरा निपटान की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कचरा निपटान की पूरी प्रक्रिया स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया, ताकि शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सफाई व्यवस्था केवल निरीक्षण तक सीमित न रहे, बल्कि इसमें निरंतरता बनाए रखी जाए। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को शत-प्रतिशत प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में स्त्तर केंद्रों को सक्रिय करने के निर्देश दिए। घरों और नालियों से निकलने वाले गंदे पानी के प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अपशिष्ट जल का सही प्रबंधन न केवल स्वच्छता के लिए जरूरी है, बल्कि जल स्तर सुधारने के लिए भी आवश्यक है। इस दौरान एसडीएम राजपुर श्री कुमार सानू देवड़िया, नगर परिषद राजपुर सीएमओ श्री जगदीश घनगर, तहसीलदार श्री गणपत सिंह डावर एव अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शीतलहर और गिरते तापमान के कारण स्कूलों के समय मे परिवर्तन

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा शीतलहर और गिरते तापमान के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के विद्यालयों के संचालन समय में महत्वपूर्ण बदलाव के आदेश जारी किए गए हैं। स्कूलों का नया समय अब सुबह 10 बजे से प्रारंभ होंगे। यह आदेश जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त और सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर लागू होगा। यह समय परिवर्तन कक्षा नर्सरी से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए प्रभावी है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है ।

## जनसुनवाई में आए 71 वर्षीय बुजुर्ग को मिली कान की मशीन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

प्रति मंगलवार कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जन समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में पलसूद (राजपुर) निवासी 71 वर्षीय श्री रामेश्वर पिता शिवराम के जीवन में उस समय नई उम्मीद जागी, जब उन्हें प्रशासन के सहयोग से सुनने में होने वाली समस्या से निजात मिली। ग्राम पलसूद के निवासी श्री रामेश्वर पिछले काफी समय से कम सुनाई देने की समस्या (श्रवण बाधिता) से जूझ रहे थे। इस कारण उन्हें अपनी दिनचर्या और सामाजिक मेल-मिलाप में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने जनसुनवाई में उपस्थित होकर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह को अपनी इस समस्या से अवगत कराया था। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने आवेदन की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को बुजुर्ग की जांच कर आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में विभाग द्वारा श्री रामेश्वर को निःशुल्क कान की मशीन प्रदान की गई। कान की मशीन प्राप्त होने के बाद श्री रामेश्वर ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें लोगों की बातें स्पष्ट सुनाई देंगी, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या बहुत सुगम हो जाएगी।



## कटरीना कैफ-विक्की कौशल ने बेटे का नाम रिवील किया

### एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर पहली झलक दिखाते हुए लिखा-हमारी रोशनी की किरण विहान कौशल

कटरीना कैफ और विक्की कौशल पिछले साल सात नवंबर को पेरेंट्स बने थे। अब कपल ने बेटे के जन्म के दो महीने बाद उसका नाम रिवील किया है। कटरीना-विक्की ने बेटे का नाम विहान कौशल रखा है।

कटरीना कैफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी, विक्की और बेटे के हाथ की फोटो शेयर करते हुए लिखा- 'हमारी रोशनी की किरण...विहान कौशल। हमारी प्रार्थनाएं सुनी गईं। जीवन खूबसूरत है। पल भर में हमारी दुनिया बदल गई। शब्दों से परे आभार।'

कपल के इस पोस्ट पर इंडस्ट्री और फैंस से खूब प्यार मिला रहा है। ऋतिक रोशन ने कमेंट में लिखा- 'गॉड ब्लेस। वेलकम विहान। शानदार खबर। बधाई और प्यार।' वहीं, एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी, ऋचा चड्ढा, दिया मिर्जा, अदिति राव हैदरी ने हार्ट और ईवल आई इमोजी के साथ प्यार जताया है।

इससे पहले सात नवंबर को विक्की कौशल और कटरीना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उनको एक बेटा हुआ है। कटरीना और विक्की ने अपनी पोस्ट में लिखा- 'हमारी खुशियों का छोटा सा तोहफा आ गया है। बेहद प्यार और आभार के साथ, हम अपने बेटे का स्वागत करते हैं। 7 नवंबर 2025 कटरीना और विक्की' बता दें कि कटरीना कैफ ने 23 सितंबर के महीने में मां बनने की घोषणा की थी। इंस्टाग्राम पर कटरीना कैफ ने एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वो और विक्की कौशल बेबी बंप थामे हुए नजर आए थे।

# मिस्ट्री गर्ल को डेट कर रहे हैं कार्तिक आर्यन

### सेम लोकेशन से दोनों की फोटो वायरल, 17 साल छोटी लड़की से जुड़ा एक्टर का नाम



कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। वहां से एक्टर सोशल मीडिया पर छुट्टियों की फोटो शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने बीच की एक फोटो शेयर की, जिसके बाद से उनकी पर्सनल लाइफ सुर्खियों में आ गई है।

दरअसल, कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक फोटो शेयर की थी, जिसमें वो बीच पर आराम कर रहे थे। हालांकि, उस फोटो में सिर्फ कार्तिक का पैर, बीच बेड्स और सामने समुद्र नजर आ रहा था।

ये सेम बैकग्राउंड ग्रीस की रहने वाली करीना कुबिलियूट नाम की एक लड़की की सोशल मीडिया पर दिखी। रेडिट यूजर ने तुरंत दोनों की फोटो में समानताएं ढूंढ ली। दोनों की फोटो में लोकेशन के अलावा एक जैसे बीच बेड और मैचिंग तौलिया एक जैसा था।

दिलचस्प बात ये है कि कार्तिक और करीना दोनों एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो भी करते थे। लेकिन डेटिंग की खबरें सामने आने के बाद दोनों ने एक-दूसरे को अनफॉलो कर



दिया है। वहीं, करीना की बात करें तो वो ग्रीस की रहने वाली हैं और अभी महज 18 साल की हैं। फिलहाल वो ब्रिटेन में रहकर पढ़ाई करती हैं। वो वहां के कार्लिसले कॉलेज में पढ़ाई कर रही हैं। इसके अलावा वो एक चीयरलीडर भी हैं।

एक्टर की वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में अनन्या पांडे के साथ उनकी फिल्म तू मेरी मै तेरा, मैं तेरा तू मेरी रिलीज हुई थी। ये फिल्म क्रिसमस के मौके पर रिलीज हुई थी। फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर अब तक 32 करोड़ का बिजनेस किया है। कार्तिक की लव लाइफ की बात करें तो करीना से पहले उनका नाम को एक्टर श्रीलीला के साथ जोड़ा जा चुका है। इसके अलावा कार्तिक का नाम सारा अली खान के साथ भी जुड़ चुका है।





## लोगों ने कहा पगड़ी वाले हीरो नहीं बनते

### दिल लुमिनाटी टूर पर विवाद, पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ काम करने पर देशद्रोह का आरोप

पंजाब के फिल्लौर तहसील के दोसांझ कलां गांव में एक साधारण सिख परिवार में जन्मे दिलजीत दोसांझ की ग्लोबल स्टार बनने की कहानी इतनी भी आसान नहीं है। उनका बचपन आर्थिक दिक्कतों के बीच गुजरा है। इसलिए सिर्फ दसवीं तक ही पढ़ाई कर पाए। दिलजीत को बचपन से गाने का शौक था और वो गुरुद्वारे में गुरबानी कीर्तन किया करते थे।

अपने शुरूआती करियर में उन्होंने स्टेज शो से लेकर शादी में परफॉर्मेंस भी दी। दिलजीत ने अपने करियर की शुरुआत पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री से की। हालांकि शुरुआत में उन्हें सफलता नहीं मिली। पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री और फिल्मों में सफल होने के बाद जब दिलजीत ने बॉलीवुड में कदम रखा तो लोगों ने तंज कसना शुरू किया कि पगड़ी वालों को बॉलीवुड में हीरो का रोल नहीं मिल पाएगा।

सक्सेस के साथ-साथ दिलजीत समय-समय पर विवादों में भी रहे हैं। उन पर पंजाबी युवाओं की गलत छवि को बढ़ावा देने के आरोप लगे, तो किसान आंदोलन के दौरान किसानों का समर्थन कर विवादों में आ गए। पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ काम किया तो उन पर देशद्रोह के आरोप लगे। उनकी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 पर भी सवाल उठने लगे थे कि क्या दिलजीत जैसे कलाकार को एक देशभक्ति से जुड़ी आइकॉनिक फिल्म का हिस्सा होना चाहिए या नहीं। दिलजीत को बचपन से ही संगीत में रुचि थी। वे गुरुद्वारों में शबद-कीर्तन गाया करते थे, जिसने उनकी गायकी को मजबूत आधार दिया। उनके पिता बलवीर सिंह बस ड्राइवर और मां सुखविंदर कौर हाउसवाइफ थीं। दिलजीत का असली नाम दलजीत सिंह है जिसे उन्होंने बाद में बदलकर दिलजीत दोसांझ कर लिया। ऐसा उन्होंने अपने एक दोस्त राजिंदर सिंह के सुझाव पर किया।

# सांसद कंगना रनोट की फिल्मों में वापसी

### 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू की, बोलीं- सेट पर आकर अच्छा लग रहा है

लोकसभा चुनाव जीतकर मंडी की सांसद बनीं कंगना रनोट ने लंबे समय बाद फिल्म के सेट पर वापसी की है। कंगना ने सोमवार को अपनी अपकमिंग फिल्म भारत भाग्य विधाता की शूटिंग शुरू की है।

कंगना रनोट ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म भारत भाग्य विधाता के सेट से एक वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, मणिकर्णिका फिल्म्स के सेट पर आकर अच्छा लग रहा है।

कंगना रनोट के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से भी कंगना का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो फिल्म के सेट का मुआयना करती नजर आई हैं।

**2024 में हुई थी भारत भाग्य विधाता की अनाउंसमेंट-** कंगना रनोट ने सितंबर 2024 में फिल्म भारत भाग्य विधाता की अनाउंसमेंट की थी। ये फिल्म आम जनता की



एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी उपलब्धि की कहानी होने वाली है, जिसमें कंगना रनोट लीड रोल में हैं। इस फिल्म को मनोज तपाड़िया ने लिखा है। इस फिल्म का निर्देशन भी मनोज ही करेंगे। फिल्म कंगना रनोट के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका के बैनर तले बन रही है, जिसे बबिता अशिवाल और आदि शर्मा भी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

**बुरी तरह फ्लॉप रही कंगना की फिल्म इमरजेंसी-** कंगना रनोट की आखिरी फिल्म इमरजेंसी थी, जो जनवरी 2025 में रिलीज हुई थी। शुरुआत में ये फिल्म 2024 में रिलीज होने वाली थी, हालांकि फिल्म सर्टिफिकेशन विवाद के चलते फिल्म लंबे समय से टलती रही। लंबे विवाद के बाद फिल्म जनवरी 2025 में आई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही।

अब भारत भाग्य विधाता, इमरजेंसी के बाद कंगना रनोट की पहली फिल्म होने वाली है। इसके अलावा कंगना रनोट के पास तनु वेड्स मनु 3, सीताः द इन्कार्नेशन जैसी फिल्में भी हैं।

**कंगना ने कहा था- चुनाव जीती तो फिल्में करना छोड़ दूंगी-** कंगना रनोट ने लोकसभा चुनाव जीतने से पहले दावा किया था कि अगर वो चुनाव जीत जाती हैं, तो फिल्मों में काम करना बंद कर देंगी। हालांकि चुनाव जीतते ही उन्होंने बयान पलट दिया। अब देखना होगा कि फ्लॉप फिल्म इमरजेंसी के बाद कंगना का कमबैक कैसा होगा।



### कप्तान मंधाना शादी टूटने के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी, पेरी-डिवाइन की कमी कैसे पूरी होगी?

# क्या आरसीबी विमेंस हासिल कर पाएगी 2024 का रुतबा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की विमेंस टीम ने 2024 में मेंस टीम से पहले ट्रॉफी जीत ली थी। तब स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल हराया था। एलिस पेरी और सोफी डिवाइन टूर्नामेंट में टीम की बड़ी रीढ़ साबित हुईं, लेकिन दोनों ही इस बार टीम का हिस्सा नहीं हैं। वहीं कप्तान मंधाना भी शादी टूटने के बाद पहला ही टूर्नामेंट खेलने वाली हैं।

**2025 में किस पोजिशन पर रहे–** 2024 में टाइटल जीतने के बाद आरसीबी से 2025 में भी प्लेऑफ तक पहुंचने की उम्मीदें थीं, लेकिन टीम चौथे स्थान तक ही पहुंच पाई। टीम 8 में से 3 मैच ही जीत पाई। आरसीबी ने गुजरात और दिल्ली को हराकर अपने सीजन की शुरुआत की थी, लेकिन आखिरी 6 में से 5 मैच हारकर टीम प्लेऑफ में जगह भी नहीं बना पाई।

**2026 में क्या नया है–** मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन की गईं एलिस पेरी निजी कारणों के चलते टूर्नामेंट नहीं खेल पाएंगी। पेरी टीम की टॉप रन स्कोरर और चौथी टॉप विकेट टेकर हैं। पेरी के रिप्लेसमेंट के रूप में टीम ने सयाली साटघरे को चुना, लेकिन उनका प्लेइंग-11 में शामिल हो पाना भी मुश्किल लग रहा है। ऑक्शन में फ्ङइ ने पूजा वस्त्राकर, ग्रेस हैरिस, अरुंधति रेड्डी, नदीन डी क्लर्क और राधा यादव जैसी ऑलराउंडर्स के साथ इंग्लैंड के तेज गेंदबाज लौरेन बेल को भी खरीद लिया। ओपनिंग पोजिशन के लिए टीम में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल और अनकैप्ड गौतमी नायक को शामिल किया गया।



### क्या शादी टूटने का असर मंधाना पर होगा?

- 2 नवंबर 2025 को विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना शादी करने वाली थीं। 23 नवंबर को उनकी शादी होनी थीं, लेकिन कुछ कारणों से टूट गई। 15 दिन तक वे क्रिकेट की फील्ड से दूर रहीं, फिर दिसंबर में श्रीलंका से टी-20 सीरीज की तैयारी शुरू कर दी।
- श्रीलंका के खिलाफ 5 टी-20 मैच 21 दिसंबर से शुरू हुए। मंधाना शुरुआती 3 मुकाबलों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सकीं, चौथे टी-20 से उन्होंने वापसी की और 80 रन बना दिए। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ 162 रन की रिकॉर्ड ओपनिंग पार्टनरशिप भी की। अगले मुकाबले में उन्हें आराम दिया गया।
- शादी टूटने के बाद मंधाना अब पहली बार किसी टूर्नामेंट में उतरने वाली हैं। वे बेंगलुरु की कप्तानी भी करेंगी। उनके सामने बड़ी प्लेयर्स की कमी पूरी करने की चुनौती तो रहेगी ही, अपने बैटिंग फॉर्म को कायम रखते हुए टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाने की चुनौती भी रहेगी। मंधाना डब्ल्यूपीएल के 3 सीजन में 4 ही फिफ्टी लगा सकी हैं।
- पेरी, डिवाइन की कमी पूरी कैसे होगी– एलिस पेरी टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगी। वहीं डिवाइन और रेणुका को टीम रिटेन नहीं कर पाई। दोनों ने ही टीम के टाइटल विनिंग कैंपेन में अहम योगदान दिया था। डिवाइन ने कप्तान स्मृति मंधाना के साथ ओपनिंग संभाली और तेजी से रन बनाए। वहीं रेणुका नई गेंद से विकेट लेती थीं। दोनों ही अब गुजरात से खेलते नजर आएंगी। पेरी को रिप्लेस करने के लिए टीम में ग्रेस हैरिस और नदीन डी क्लर्क जैसी ऑलराउंडर्स हैं। वहीं डिवाइन की जगह जॉर्जिया वोल ओपनिंग कर सकती हैं। लौरेन बेल नई बॉल संभालते नजर आ सकती हैं। उनका साथ देने के लिए अरुंधति रेड्डी भी मौजूद रहेंगी।

### किन प्लेयर्स पर नजरें?

- वस्त्राकर, राधा यादव और गौतमी नायक पर नजरें रह सकती हैं। वस्त्राकर इंजरी के कारण क्रिकेट की फील्ड से ज्यादातर समय दूर ही रहती हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में आखिरी बार क्रिकेट खेला था। तब से वे बेंगलुरु स्थिति सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रही हैं।
- राधा इससे पहले 3 सीजन तक दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहीं, लेकिन उन्हें ज्यादातर मौकों पर बॉलिंग नहीं कराई गई। बेंगलुरु में उनसे बॉलिंग के साथ बैटिंग की उम्मीद भी रहेगी।
- गौतमी ने नागालैंड, बड़ोदा और महाराष्ट्र के लिए घरेलू क्रिकेट खेला। उन्हें अब जाकर हढछ में मौका मिला। 2025 की महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में वे तीसरी टॉप रन स्कोरर रहीं। फ्ङइ भी उन्हें टॉप ऑर्डर में बैटिंग के लिए भेज सकती है।

### स्ट्रेंथ और वीकनेस

**स्ट्रेंथ:** मिडिल और लोअर ऑर्डर में हैरिस, ऋचा और डी क्लर्क के साथ वस्त्राकर और राधा भी हैं। टीम की फिनिशिंग बेहद मजबूत है, अगर शुरूआत मजबूत रहे तो टीम बड़े स्कोर तक पहुंच सकती है। राधा, श्रेयांका और डी क्लर्क की मौजूदगी से टीम की स्पिन बॉलिंग भी मजबूत है।

**वीकनेस:** टॉप ऑर्डर में मंधाना का साथ देने के लिए मजबूत प्लेयर्स नहीं हैं। वोल और गौतमी को डब्ल्यूपीएल का अनुभव नहीं है, दोनों पर डिवाइन और पेरी की कमी पूरी करने की जिम्मेदारी होगी। तेज गेंदबाजी में बेल का सपोर्ट करने के लिए मजबूत ऑप्शन भी नहीं है।

**पॉसिबल प्लेइंग-11** स्मृति मंधाना (कप्तान), जॉर्जिया वोल, गौतमी नायक, ग्रेस हैरिस, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नदीन डी क्लर्क, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव, श्रेयांका पाटील, अरुंधति रेड्डी, लौरेन बेल।

एक्स्ट्रा: दयालन हेमलता, सयाली साटघरे, प्रेमा रावत, लिंसी स्मिथ, प्रत्यूषा कुमार।

# वैभव सूर्यवंशी ने 63 बॉल पर सेंचुरी बनाई



### भारत अंडर-19 ने साउथ अफ्रीका को 233 रन से हराया, आरोन जॉर्ज का भी शतक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे अंडर-19 वनडे में 63 बॉल पर शतक लगाया। उनकी इस पारी के सहारे भारत ने 233 रन की बड़ी जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। वैभव सूर्यवंशी ने इस सीरीज में कप्तानी भी की।

14 साल के वैभव ने 74 बॉल पर 127 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 10 छक्के और 9 चौके लगाए। वैभव ने आरोन जॉर्ज के साथ 227 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। आरोन जॉर्ज ने 118 रन की पारी खेली।

बेनोनी के विलोमूर पार्क स्टेडियम में भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 393 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम 35 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई। किशन सिंह ने 3 विकेट झटके। वैभव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वे प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। सूर्यवंशी अब विराट से महज 5 रन पीछे वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 वनडे क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में विराट कोहली से महज 5 रन पीछे हैं। वे 18 मैचों में 973 रन बना चुके हैं। जबकि कोहली ने 28 मैचों में 46.57 के एवरेज से 978 रन बनाए हैं।

# बांग्लादेश को भारत में ही खेलने होंगे वर्ल्ड कप मुकाबले

### आईसीसी ने मांग खारिज की, बीसीबी ने कहा- हमें कोई अल्टीमेटम नहीं मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की टी-20 वर्ल्ड कप के वेन्यू बदलने की मांग खारिज कर दी है। आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि बांग्लादेश को अपने सभी लीग मैच भारत में ही खेलने होंगे, नहीं तो उसे अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। यह दावा भारतीय मीडिया रिपोर्ट्स में किया गया।

हालांकि, बीसीबी ने बुधवार को बयान जारी कर इन रिपोर्ट को खारिज कर दिया। बोर्ड ने कहा- 'आईसीसी भारत में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में हमारी चिंताओं को दूर करने के लिए हमारे साथ मिलकर काम करने को तैयार है। आईसीसी टूर्नामेंट में बांग्लादेश की पूर्ण और बिना किसी रुकावट के भागीदारी तय करने के लिए कमिटेड है।

बीसीबी प्रेसिडेंट बोले- पाकिस्तान के मैच बाहर, तो हमारे क्यों नहीं शाम को बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम, वहां की सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बीसीबी प्रेसिडेंट ने भारत-पाकिस्तान हाईब्रिड मॉडल का हवाला दिया। इसके अनुसार दोनों टीमें आईसीसी टूर्नामेंटों में एक-दूसरे के खिलाफ तीसरे देश में खेलती हैं।

इस्लाम ने प्लेयर्स की सुरक्षा को सबसे बड़ी चिंता बताते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के मैचों के साथ भी ऐसा ही किया जाना चाहिए। इस्लाम ने आगे



कहा- 'जब चैंपियंस ट्रॉफी हुई थी, तब भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई थी। पिछले वर्ल्ड कप में पाकिस्तान भारत नहीं आया था। इसलिए हमें भी उम्मीद है कि हमें उम्मीद है कि हम अपने तर्क मजबूती से रख पाएंगे।'

**बांग्लादेश के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे-** खेल सलाहकार नजरुल ने कहा- 'हम आईसीसी को यह समझाएंगे कि भारत में खेलने के लिए हमारे अनुकूल माहौल नहीं है। आज रात या कल सुबह हम मजबूत तर्कों के साथ आईसीसी के सामने अपनी बात रखेंगे कि बांग्लादेश की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा से हम कोई समझौता नहीं करेंगे। हम क्रिकेट वर्ल्ड कप जरूर खेलना चाहते हैं।'

# पाकिस्तान ने श्रीलंका को 6 विकेट से पहला टी-20 हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ दाम्बाला

पाकिस्तान ने श्रीलंका को पहले टी-20 में 6 विकेट से हरा दिया। दाम्बाला में बुधवार को पहले बैटिंग करते हुए होम टीम 128 रन पर ही ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान ने 16.4 ओवर में 4 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। साहिबजादा फरहान ने फिफ्टी लगाई। वहीं सलमान मिर्जा और अबरार अहमद ने 3-3 विकेट लिए। श्रीलंका ने 50 रन के अंदर 4 विकेट गंवाए रंगिरी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। श्रीलंका ने तीसरे ओवर में कमिल मिशारा का विकेट गंवा दिया, वे खाता भी नहीं खोल सके। 38 रन तक टीम के 4 विकेट गिर गए। पाथुम निसांका 12, विकेटकीपर कुसल मेंडिस 14 और धनंजय डी सिल्वा 10 रन बनाकर आउट हो गए। जनिथ लियानागे ने फिर श्रीलंका को संभाला। उनके सामने चरिथ असलंका 18 और वनिंदु हसरंगा 18 रन बनाकर आउट हो गए। लियानागे 40 रन बनाकर आउट हुए। उनके विकेट के बाद के बाद टीम ने 1 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए। टीम 4 गेंद बाकी रहते हुए 128 रन पर सिमट गई।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं– 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/–
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## केंद्र सरकार ने

# इस पेन किलर टेबलेट पर लगाया तत्काल बैन



### मार्केट में अब नहीं मिलेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने नाइमेसुलाइड पेनकिलर को लेकर बड़ा और सख्त कदम उठाया है। सरकार ने 100 द्व्र से अधिक मात्रा वाली नाइमेसुलाइड की सभी ओरल दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 26ए के तहत लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि ज्यादा डोज वाली यह दवा मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, जबकि इसके सुरक्षित विकल्प पहले से बाजार में उपलब्ध हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 100एमजी से अधिक डोज वाली नाइमेसुलाइड दवाएं इंसानों के लिए जोखिमपूर्ण साबित हो सकती हैं। नाइमेसुलाइड एक नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग (एनएसएआईडी) है, जिस पर लिवर टॉक्सिसिटी और अन्य गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं।

**आदेश पूरे देश में लागू फैसला-** सरकार ने यह फैसला ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (डीटीएबी) की सिफारिशों के आधार पर लिया है। नोटिफिकेशन में साफ किया गया है कि यह प्रतिबंध पूरे देश में तुरंत लागू होगा। हालांकि, सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि कम डोज वाले नाइमेसुलाइड फॉर्मूलेशन और अन्य सुरक्षित पेनकिलर विकल्प बाजार में उपलब्ध रहेंगे। हेल्थ मिनिस्ट्री के नोटिफिकेशन में कहा गया है 100 एमजी से अधिक नाइमेसुलाइड वाले सभी ओरल, इमीडिएट-रिलीज फॉर्मूलेशन मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। चूंकि इसके सुरक्षित विकल्प मौजूद हैं, इसलिए जनहित में इस पर रोक लगाई जा रही है।

## स्पैम कॉल- दूरसंचार कंपनियों पर 150 करोड़ का जुर्माना

# कच्चे तेल की कीमतों में नरमी की उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने स्पैम कॉल और संदेशों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने पर दूरसंचार कंपनियों पर 150 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। 2020 से शुरू होने वाले तीन वर्षों के लिए लगाए गए जुर्माने को दूरसंचार ऑपरेटरों ने चुनौती दी है। सूत्रों के मुताबिक, शिकायतों को गलत तरीके से बंद करने और स्पैमर के दूरसंचार कनेक्शनों पर कार्रवाई नहीं करने पर दंड लगा है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) उन दूरसंचार कंपनियों पर जुर्माना लगाता है, जो वित्तीय दंड लगाने वाले नियमों के पालन में विफल रहती हैं। ट्राई ने पिछले वर्ष 21 लाख से अधिक स्पैमरों के कनेक्शन काटे और एक लाख से अधिक संस्थाओं को काली सूची में डाला है।

**एचडीएफसी बैंक का जमा 12 फीसदी बढ़ा-** एचडीएफसी बैंक का जमा चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 12 फीसदी बढ़कर 27.52 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 24.52 लाख करोड़ था। बैंक ने शेयर बाजारों को बताया, दिसंबर तिमाही के अंत में कर्ज भी 12 फीसदी बढ़कर 28.44 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 25.42 लाख करोड़ था।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ऋण में 20 फीसदी वृद्धि-** बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कुल कर्ज में अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में 19.61 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह बढ़कर 2.73 लाख करोड़ रुपये हो गया है। बैंक ने शेयर बाजारों को बताया, पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में बकाया ऋण 2.29 लाख करोड़ रुपये था। कुल ऋण में 1.02 लाख करोड़ रुपये के कॉरपोरेट और 1.71 लाख करोड़ रुपये के खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई कर्ज भी शामिल हैं।

**टोरंट फार्मा 12,500 करोड़ रुपये जुटाएगी-** टोरंट फार्मा के बोर्ड ने निजी प्लेसमेंट के माध्यम से प्रतिभूतियों के निर्गम के जरिये 12,500 करोड़ रुपये तक जुटाने को मंजूरी दे दी है। दवा कंपनी ने कहा, प्रतिभूति हस्तांतरण और हितधारक संबंध समिति ने सोमवार को हुई बैठक में निजी प्लेसमेंट के आधार पर एक या अधिक किस्तों में कुल 12,500 करोड़ रुपये तक के सुरक्षित, रेटेड, सूचीबद्ध, प्रतिदेय गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने को मंजूरी दी है।

**जून तक 50 डॉलर प्रति बैरल तक हो सकती हैं कच्चे तेल की कीमतें-** कच्चे तेल की कीमतों में इस साल काफी नरमी आने की उम्मीद है। जून तक ये कीमतें 50 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, कीमतों में गिरावट और तेज होने की संभावना है। इससे 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई दर 3.4 फीसदी से काफी नीचे आ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा की कीमतों में नरमी से अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**घरेलू उत्पादन में कमी से दोगुना तक बढ़ गया यूरिया का आयात-** घरेलू उत्पादन में गिरावट के चलते चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले आठ महीनों में देश का यूरिया आयात दोगुने से अधिक बढ़कर 71.7 करोड़ टन हो गया है। यह किसानों की मांग को पूरा करने के लिए विदेशी आपूर्ति पर देश की बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है। भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-नवंबर, 2024-25 के दौरान यूरिया आयात पिछले वर्ष की समान अवधि के 32.6 करोड़ टन की तुलना में 120 फीसदी बढ़कर 71.1 करोड़ टन हो गया। एफएआई के अध्यक्ष एस शंकर सुब्रमणियन ने कहा, हमने समन्वित योजना के माध्यम से बिक्री में वृद्धि हासिल की है, लेकिन आयात पर अत्यधिक निर्भरता विशेष रूप से यूरिया और डीएपी के लिए रणनीतिक आपूर्ति शृंखला प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करती है।




### सुंदरम जुटाएगी 2,000 करोड़ रुपये का फंड

सुंदरम अल्टरेंटेस मार्च, 2026 तक 2,000 करोड़ रुपये तक का रियल एस्टेट फंड जुटाने की योजना बना रही है। सुंदरम फाइनेंस समूह की वैकल्पिक निवेश शाखा के प्रबंध निदेशक कार्तिक अथरेया ने कहा, पिछले तीन महीनों में एसए रियल एस्टेट क्रेडिट फंड वी में पहले ही 1,000 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। मार्च तक 500-1,000 करोड़ रुपये और जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

### कोटक महिंद्रा का डिविडेंड यील्ड फंड लॉन्च

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि. ने कोटक डिविडेंड यील्ड फंड लॉन्च किया है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो मुख्य रूप से डिविडेंड देने वाले शेयरों में निवेश करती है। इस फंड का लक्ष्य उन कंपनियों में निवेश कर लॉन्ग-टर्म कैपिटल ग्रोथ और/या डिविडेंड प्रदान करना है, जिनका ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा रहा है। यह स्कीम 5 जनवरी, को खुलेगी और 19 जनवरी को बंद होगी।

## जोमैटो-ब्लिंकिट की

# मूल कंपनी इटरनल को 3.69 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटरनल को अप्रैल 2019- मार्च 2020 की अवधि के लिए 3.69 करोड़ रुपये का जीएसटी मांग आदेश मिला है। कंपनी ने कहा है कि उसका पक्ष मजबूत है और वह इस आदेश के खिलाफ अपील करेगी।

इटरनल, जो जोमैटो और ब्लिंकइट की मूल कंपनी है, को वस्तु व सेवा कर से जुड़ा एक मांग आदेश मिला है। यह आदेश ब्याज और जुमार्ने सहित कुल 3,69,80,242 रुपये का है और यह अप्रैल 2019 से मार्च 2020 की अवधि से संबंधित है।

कंपनी ने मंगलवार देर शाम नियामक फाइलिंग में बताया कि यह आदेश पश्चिम बंगाल में राज्य कर (अपील) के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा पारित किया गया है। यह मांग आउटपुट टैक्स के कथित कम भुगतान, उस पर लगने वाले ब्याज और जुमार्ने से जुड़ी है।

इटरनल ने इस मामले में क्या कहा?

इटरनल के अनुसार, उसे 6 जनवरी 2026 को यह आदेश प्राप्त हुआ, जिसमें 1,92,43,792 रुपये के जीएसटी की पुष्टि की गई है। इसके साथ 1,58,12,070 रुपये का ब्याज और 19,24,380 रुपये का जुमार्ना भी शामिल है।

कंपनी ने कहा है कि उसका मानना है कि मामले के तथ्यों और कानूनी आधार पर उसका पक्ष मजबूत है। इटरनल ने स्पष्ट किया कि वह इस आदेश के खिलाफ संबंधित प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करेगी।

## सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट ने 2025 में तोड़े सभी रिकॉर्ड

# यात्री 7 करोड़ के पार, अब क्या प्लान?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट ने 2025 में सात करोड़ यात्रियों के साथ बनाया नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड, जो 2019 के स्तर से भी अधिक है। जानिए कैसे आगामी 'मेगा टर्मिनल 5' (टी5) एआई (एआई) और सस्टेनेबिलिटी के जरिए एयरपोर्ट की क्षमता को 14 करोड़ तक ले जाएगा।

वैश्विक विमानन उद्योग में महामारी के बाद की सुस्ती अब बीते कल की बात हो गई है। सिंगापुर के प्रतिष्ठित चांगी हवाई अड्डे ने 2025 में यात्री यातायात के मामले में न केवल पिछले साल के आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि अपने इतिहास के सबसे उच्चतम स्तर को भी छू लिया है। इस ऐतिहासिक उछाल के बीच, सिंगापुर सरकार ने भविष्य के 'मेगा टर्मिनल' (टर्मिनल 5) के निर्माण को तेज करने का बड़ा फैसला लिया है,।

कार्यवाहक परिवहन मंत्री जेफरी सियो ने एक प्रदर्शनी के उद्घाटन के दौरान बताया कि चांगी हवाई अड्डे पर 2025 में कुल यात्री संख्या 7 करोड़ (70 मिलियन) तक पहुंच गई है। यह आंकड़े में 2024 में दर्ज किए गए 6.77 करोड़ (67.7 मिलियन) अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

महामारी से पहले का रिकॉर्ड ध्वस्त ध्यान देने योग्य बात यह है कि 2025 का यह आंकड़ा एक ऑल टाइम हाई है। इसने कोविड महामारी से पहले 2019 में बनाए गए 6.83 करोड़ यात्रियों के पिछले रिकॉर्ड को भी पार कर लिया है, जो विमानन क्षेत्र में पूर्ण और मजबूत रिकवरी का संकेत है।

**भविष्य में टर्मिनल 5 की तैयारी-** यात्री संख्या में इस भारी वृद्धि ने सरकार को 'टर्मिनल 5' (टी5) परियोजना पर तेजी से आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया है, जिसे महामारी के दौरान रोक दिया गया था। मंत्री सियो ने बताया कि चांगी एयरपोर्ट ग्रुप (सीएजी) जल्द ही टी5 के सुपरस्ट्रक्चर के निर्माण के लिए टेंडर जारी करेगा।



### नए टर्मिनल की क्या खासियत होगी?

- **क्षमता में भारी इजाफा:** टी5 के बनने से हवाई अड्डे की यात्री क्षमता मौजूदा 9 करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ प्रति वर्ष हो जाएगी, जो कि 55 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है।
- **टेक्नोलॉजी और एआई:** यह टर्मिनल ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस होगा। अकका उपयोग फ्लाइट प्लानिंग, यात्री सेवाओं और मौसम के बदलाव जैसी बाधाओं से निपटने के लिए किया जाएगा।
- **सस्टेनेबिलिटी:** 2030 के दशक के मध्य तक खुलने वाला यह टर्मिनल पूरी तरह से विद्युतीकृत होगा और टिकाऊ विमानन ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देगा।
- मंत्री सियो ने साफ किया कि वैश्विक विमानन में आई यह तेजी साबित करती है कि सरकार का ळ5 के निर्माण के साथ आगे बढ़ने का निर्णय बिल्कुल सही था।

## 24 नए चिप डिजाइन प्रोजेक्ट्स को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

# ड्रोन से लेकर सैटेलाइट तक में इस्तेमाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम (डीएलआई) के तहत भारतीय सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाने वाले उद्योग को मजबूत करने के लिए 24 नए चिप डिजाइन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। ये प्रोजेक्ट्स वीडियो निगरानी, ड्रोन का पता लगाने, एनर्जी मीटर, माइक्रोप्रोसेसर, सैटेलाइट कम्युनिकेशन, ब्रॉडबैंड और आईओटी सिस्टम-ऑन-चिप्स (एसओसी) जैसे क्षेत्रों में हैं। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी साझा की गई है।

बयान में कहा गया है कि इसके अलावा, 95 कंपनियों को उद्योग स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) टूल्स तक पहुंच दी गई है। इससे चिप डिजाइन स्टार्टअप्स का खर्च कम होगा और उन्हें बेहतर उपकरण मिलेंगे। सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन चिप बनाने की प्रक्रिया में सबसे ज्यादा मूल्य जोड़ने वाला हिस्सा है। यह आपूर्ति श्रृंखला में 50 प्रतिशत और फैबलेस सेगमेंट के माध्यम से वैश्विक सेमीकंडक्टर बिक्री में 30-35 प्रतिशत का योगदान देता है।

बयान में कहा गया कि डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) समर्थित योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। स्कीम के तहत अब तक 16 टेप-आउट, 6 एएसआईसी चिप्स, 10 पेटेंट और 1,000 से ज्यादा इंजीनियर शामिल हो चुके हैं। साथ ही निजी निवेश भी तीन गुना तक बढ़ा है। डीएलआई स्कीम को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय चला रहा है। इस योजना का बजट 76,000 करोड़ रुपए है। यह योजना सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले निर्माण के साथ-साथ चिप डिजाइन सिस्टम को भी समर्थन देती है।

डीएलआई स्कीम स्टार्टअप्स और एमएसएमई को डिजाइन से लेकर प्रोडक्ट बनाने तक पूरी मदद देती है। योजना का उद्देश्य भारत के घरेलू सेमीकंडक्टर डिजाइन उद्योग में मौजूद कमियों को दूर करना है। इसका लक्ष्य भारतीय सेमीकंडक्टर उद्योग को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अलावा, चिप्स टू स्टार्टअप (सी2एस) प्रोग्राम के जरिए देशभर की शिक्षण संस्थाओं में 85,000 इंजीनियर, मास्टर्स और पीएचडी स्तर के छात्र तैयार किए जा रहे हैं, जो चिप डिजाइन में विशेषज्ञता प्राप्त करेंगे।

## निकाय चुनाव, अंबरनाथ में भाजपा-कांग्रेस गठबंधन कुछ घंटों में टूटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र की अंबरनाथ और अकोट नगर पालिका चुनाव के रिजल्ट के बाद बुधवार को अप्रत्याशित गठबंधन देखने को मिले। अंबरनाथ नगर पालिका में भाजपा ने कांग्रेस-एनसीपी से हाथ मिलाया। वहीं, अकोला जिले के अकोट नगर परिषद में पार्टी ने असदुद्दीन ओवैसी की अक्टक्ट के साथ गठबंधन किया। हालांकि ये गठबंधन कुछ ही घंटों में टूट गया। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को इन गठबंधन को खारिज कर दिया। उन्होंने पार्टी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। कांग्रेस ने भी अंबरनाथ के 12 पार्षदों को पार्टी से सस्पेंड कर दिया। अंबरनाथ नगर परिषद में कुल 60 वार्ड हैं। बहुमत के लिए 31 उम्मीदवार चाहिए थे। चुनाव के बाद बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला। चुनाव परिणाम आने के बाद शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन इसके बावजूद वह सत्ता से बाहर रह गई।

दरअसल, भाजपा ने चुनाव के बाद कांग्रेस और अजित पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ मिलकर ह्यअंबरनाथ विकास अघाड़ीह्व नाम से गठबंधन बना लिया। इस गठबंधन के जरिए नगर परिषद में बहुमत जुटाया गया और परिषद का नेतृत्व अपने हाथ में ले लिया गया। इसके चलते भाजपा की सहयोगी शिवसेना (शिंदे गुट) को सत्ता से बाहर कर दिया गया। इस गठबंधन के समर्थन से भाजपा नेता तेजश्री करंजुले को अंबरनाथ नगर परिषद की अध्यक्ष (मेयर) चुना गया। यह गठजोड़ इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का विरोध करती रही है, लेकिन अंबरनाथ में सत्ता के लिए कांग्रेस के साथ हाथ मिला लिया।

## पोर्न फिल्में देख संबंध बनाने को मजबूर करता था पति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सोनीपत के मैरिज गार्डन में प्राइवेट पार्ट दबाकर पति की हत्या करने के मामले में गिरफ्तार पत्नी सरिता ने कई खुलासे किए। सरिता 2 दिन के पुलिस रिमांड पर है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि पति रामकिशन (39) गांजा पीता था। वो अकसर पोर्न फिल्में देखकर उसे वैसे ही संबंध बनाने को मजबूर करता था। वह उससे तंग आ चुकी थी। इसी वजह से प्रेमी के साथ मिलकर उसे मौत की नींद सुलाने की प्लानिंग बनाई।

सरिता का जन्म साल 1994 में सोनीपत के गांव ठरु में हुआ था। साल 2012 में सरिता और रामकिशन की शादी हुई और दोनों की उम्र में 8 साल का फासला था। रामकिशन को यह कतई पसंद नहीं था कि सरिता किसी और पुरुष से बात करे। वह उसे कंट्रोल में रखना चाहता था। अकसर मर्दानी ताकत दिखाने की कोशिश करता था। 5-6 दिसंबर की रात को रामकिशन व सरिता में झगड़ा हुआ। हालांकि उसके बाद रामकिशन ने नशा किया और सरिता से संबंध भी बनाए। संबंध बनाते वक्त बेड पर मारपीट भी की। सरिता ने मीडिया के सामने भी कहा कि पति तंग करता था। सरिता ने पुलिस के समक्ष कबूला है कि उसने अपने प्रेमी सतपाल से पहले ही प्लानिंग कर रखी थी। सोमवार रात को सतपाल मैरिज गार्डन के पास ही किराए के कमरे में था। सतपाल ने तकिये से रामकिशन का मुंह दबाया, जबकि सरिता ने पति के प्राइवेट पार्ट को दबा दिया, जिससे उससे मौत हो गई।

### प्रेमी सतपाल मैरिज गार्डन के पास ही मौजूद था

पुलिस ने सरिता के अलावा उसके कथित प्रेमी सतपाल के खिलाफ भी हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि अभी उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। सोमवार रात को सतपाल भी मैरिज गार्डन के पास ही था। जब उसके सरिता से संबंध बने थे, तभी उसने मैरिज गार्डन के पास ही किराये पर कमरा ले लिया था।

# मप्र में पारा 2.7 डिग्री, कोहरे से 12 ट्रेनें लेटः राजस्थान के 23 जिलों में कोहरा

## उत्तराखंड के 3 शहरों का तापमान -21 डिग्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में सर्दी बढ़ गई है। राजस्थान के 4 शहरों का न्यूनतम तापमान बुधवार को 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। गुरुवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। 25 जिलों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। मध्य प्रदेश में बीती रात शहडोल का कल्याणपुर सबसे सर्द रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री पहुंच गया। सीहोर, छिंदवाड़ा, मुरैना में पौधों पर ओस की बूंदें जम गईं। कोहरे के चलते दिल्ली से ट्ढ आने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रोजाना 2 से 6 घंटे लेट हो रही हैं।

उत्तराखंड के 3 शहरों का तापमान -21त्ट दर्ज किया गया है। इनमें पिथौरागढ़ का आदि कैलाश, रुद्रप्रयाग का केदारनाथ और उत्तरकाशी का यमुनोत्री धाम शामिल है। उधर उत्तर प्रदेश में वाराणसी-मेरठ और झांसी समेत 38 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट है। लखनऊ-कानपुर समेत 26 जिलों में कोल्ड डे रहेगा।





### प्रदेश के आधे हिस्से में कोहरा, कई ट्रेनें लेट; नए सिस्टम से और बढ़ेगी सर्दी

मध्यप्रदेश में बर्फ जमा देने वाली ठंड पड़ रही है। रात का टेम्प्रेचर 3 डिग्री से नीचे है। वहीं, सुबह प्रदेश के आधे हिस्से में कोहरा छाया है। इससे दिल्ली से एमपी आने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें हर रोज 2 से 6 घंटे तक लेट हो रही है। बीती रात शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री पहुंच गया। सीहोर, छिंदवाड़ा, मुरैना में तो पौधों पर ओस की बूंदें बर्फ के रूप में जम गईं। मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी में ऐसी ही कड़ाके की ठंड पड़ेगी। 2-3 दिन के बाद असर और बढ़ जाएगा, क्योंकि हिमालय के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है।

## हरिद्वार के घाट पर चेक हो रहे आधार काडः गैर हिंदू मिलने पर कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून

हरिद्वार की हरकी पैड़ी पर अब गैर हिंदुओं की चेकिंग शुरू हो गई है। घाट किनारे दुकान या ठेली लगाने वालों के आधार कार्ड देखे जा रहे हैं और यह जांच की जा रही है कि कहीं कोई गैर-हिंदू क्षेत्र में व्यापार तो नहीं कर रहा। स्थानीय लोग इसे श्री गंगा सभा की ओर से शुरू की गई चेकिंग ड्राइव बता रहे हैं, जो कुंभ 2027 से पहले घाटों पर गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की मांग के बाद तेज हुई है।

घाटों पर मौजूद तीर्थ पुरोहितों और साधु-संतों का कहना है कि यह सख्ती जरूरी है। उनका आरोप है कि कुछ लोग पैसे कमाने की आड़ में श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले काम कर रहे थे, जिससे विवाद और झगड़े की स्थिति बनती रही। संतों का तर्क है कि कुंभ अति पवित्र आयोजन है और हरिद्वार देवभूमि का द्वार, इसलिए गैर-हिंदुओं का कुंभ और घाट क्षेत्रों में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए।

वहीं दूसरी तरफ इस मांग को लेकर मुस्लिम संगठनों



और समाज के लोगों का विरोध भी उतना ही तीखा है। उनका कहना है कि घाटों पर एंट्री रोकने और पहचान के आधार पर जांच करने की कोशिशें संकीर्ण सोच को दिखाती हैं और इससे आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंचेगा। कुंभ अभी दूर है, लेकिन हरकी पैड़ी से शुरू हुई यह बहस अब पूरे हरिद्वार में साफ दिखाई देने लगी है।

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाईः अदालत ने कहा- स्कूल और कोर्ट कैंपस में कुत्तों की क्या जरूरत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में आज आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर सुनवाई होगी। बुधवार को इस मामले करीब ढाई घंटे तक सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने पूछा कि कुत्तों के कारण आम लोगों को आखिर कब तक परेशानी झेलनी पड़ेगी। कोर्ट ने कहा कि उसका आदेश सड़कों के लिए नहीं, बल्कि केवल संस्थागत क्षेत्रों के लिए है।

बेंच ने यह भी कहा कि पिछले 20 दिनों में हाईवे पर आवारा कुत्तों की वजह से दो जजों के साथ एक्सीडेंट हुए हैं। इसमें एक जज की हालत गंभीर है। बेंच ने सवाल उठाया कि स्कूलों, अस्पतालों और अदालत परिसरों के भीतर आवारा कुत्तों की क्या आवश्यकता है और उन्हें वहां से हटाने पर क्या आपत्ति हो सकती है।

यह मामला 28 जुलाई 2025 को सुप्रीम कोर्ट के एक्शन से शुरू हुआ था, जब दिल्ली में आवारा कुत्तों के काटने से होने वाली रैबीज बीमारी पर एक मीडिया रिपोर्ट पब्लिश की गई थी। बहस में आवारा कुत्तों के फेवर में पैरवी कर रहे कपिल सिब्बल ने कहा कि जो कुत्ता काटे उसकी नसबंदी की जा सकती है। इस पर कोर्ट ने कहा, अब तो बस एक ही चीज बाकी है, कुत्तों को भी काउंसलिंग देना। ताकि वापस छोड़े जाने पर वह काटे नहीं। इस बीच सिब्बल ने कहा, जब भी मैं मंदिरों वगैरह में गया हूं, मुझे कभी किसी ने नहीं काटा। सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया- 'आप खुशकिस्मत हैं'।

### 125 शहरों को महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा-करियर ग्रोथ के रिपोर्ट

## भारत में महिला सुरक्षा में बेंगलुरु-चेन्नई देश के सबसे बेहतर शहर

महिलाओं की सुरक्षा के मामले में बेंगलुरु और चेन्नई देश के सबसे बेहतर शहर बने हुए हैं। वर्क प्लेस कल्चर कंसल्टिंग फर्म अवतार ग्रुप की रिपोर्ट ह्यटॉप सिटीज फॉर वीमेन इन इंडिया (ळहक) के चौथे संस्करण में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में 125 शहरों को महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा और करियर ग्रोथ के आधार पर रैंक किया गया है। बेंगलुरु ने 53.29 स्कोर के साथ पहला स्थान पाया है।

2022 से अब तक की पिछली रिपोर्ट्स से तुलना की गई है। शहरों की रैंकिंग सिटी इन्क्लूजन स्कोर (उक्र) के आधार पर की



गई है, जो अवतार के रिसर्च और सरकारी आंकड़ों से निकाला गया है। रिपोर्ट एक लॉन्गिट्यूडिनल इन्क्लूजन इंडेक्स पेश करती है, जो यह आकलन करता है कि भारतीय शहर किस हद तक महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा और करियर ग्रोथ/कंटिन्यूटी को सक्षम बनाते हैं। साथ ही यह रिपोर्ट रोल मॉडल शहरों और उभरती हुई बेहतरीन प्रैक्टिस की पहचान करती है। संगठनों, नीति-निमार्ताओं और शहरी हिस्सेदारों के लिए स्ट्रक्चरल फ्रेमवर्क भी प्रदान करती है।

**रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष-**

बेंगलुरु ने 53.29 उक्र के साथ टॉप पोजिशन बरकरार रखी, क्योंकि यहां करिअर अवसर और इंडस्ट्री सपोर्ट मजबूत है। चेन्नई दूसरे नंबर पर रहा और सेफ्टी, पब्लिक सर्विस, मोबिलिटी, हेल्थ और एजुकेशन जैसे सोशल फैक्टर्स में आगे रहा। पुणे, हैदराबाद और मुंबई टॉप-5 में शामिल रहे। गुरुग्राम ने बड़ी इम्प्रूवमेंट दिखाई और 2024 के मुकाबले रैंकिंग बेहतर की। दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा इंडस्ट्री के मामले में आगे हैं, लेकिन सेफ्टी, अफॉर्डेबिलिटी और मोबिलिटी में पीछे हैं। तिरुवनंतपुरम, शिमला और तिरुचिरापल्ली सोशल इंक्लूजन में अच्छे हैं, लेकिन बड़े लेवल पर जॉब्स के मौके कम हैं। मुंबई में जॉब्स और इंडस्ट्री मजबूत हैं, लेकिन रहने की लागत और इंफ्रास्ट्रक्चर बड़ा चैलेंज है।

रूसी पनडुब्बी बचाने पहुंच नहीं पाई

# अमेरिका ने रूस का जहाज जब्त किया: नाम बदलकर वेनेजुएला से तेल खरीदने जा रहा था

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका ने बुधवार को वेनेजुएला से तेल खरीदने जा रहे 2 टैंकरों को पकड़ लिया। न्यूज एजेंसी 'रशिया टुडे' के मुताबिक इसमें से एक रूस का जहाज मैरिनेरा है, जबकि दूसरे का नाम सोफिया है। सोफिया पर पनामा देश का झंडा है, लेकिन यह किस देश का है इसकी जानकारी नहीं है।

अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर मैरिनेरा को उत्तरी अटलांटिक में जब्त किया, जबकि दूसरा जहाज कैरिबियन सी में पकड़ा गया। ये दोनों जहाज कुछ घंटे के अंतराल पर पकड़े गए। रूस ने अपने जहाज की सुरक्षा के लिए सबमरीन और अन्य नौसैनिक जहाज भेजे, लेकिन वे इसे बचाने में सफल नहीं हुए। रिपोर्ट के मुताबिक यह जहाज वेनेजुएला से तेल लेने जा रहा था, ताकि उसे चीन या दूसरे देशों को पहुंचाया जा सके। अमेरिकी सैनिक दो हफ्तों से मैरिनेरा जहाज का पीछा कर रहे थे।



### पिछले महीने जहाज का नाम बदला था

अमेरिका ने जिस रूसी जहाज को पकड़ा है, पहले इसका नाम बेला-1 था। अमेरिका ने इसे प्रतिबंधित जहाजों की लिस्ट में डाल दिया था। दिसंबर 2025 में यह वेनेजुएला की ओर जा रहा था, लेकिन अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने इसे रोकने की कोशिश की।

उस समय जहाज के क्रू मेंबर की होशियारी से यह जहाज बच गया था। अमेरिकी कोस्ट गार्ड के पास इस जहाज को जब्त करने का वारंट था। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप था कि यह जहाज अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा था और ईरानी तेल ढो रहा था। तब यह जहाज गुयाना के झंडे के तहत रजिस्टर्ड था, लेकिन इसके बाद इस जहाज का नाम बदलकर ह्यमैरिनेराह्न कर दिया गया था। इसके बाद इस पर रूसी झंडा लगाकर इसे देश की ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिस्ट में शामिल कर दिया गया।

### पकड़े जाने के डर से जहाज ने रास्ता बदला

इसके बाद यह जहाज वेनेजुएला की ओर जा रहा था, लेकिन अमेरिकी ब्लॉक के डर से उसने रास्ता बदलकर अटलांटिक की ओर मोड़ लिया था, लेकिन अमेरिका और ब्रिटेन समेत कई देश इस जहाज की निगरानी कर रहे थे। हवाई और समुद्री निगरानी के जरिए इसके हर कदम पर नजर रखी गई। अमेरिकी जहाज वरउञ्छ मुनरो ने इसका पीछा करते हुए इसे पकड़ा। जब अमेरिकी बलों ने इसे उत्तरी अटलांटिक में बोर्ड किया, तब उसके पास रूस का एक सबमरीन और अन्य नौसैनिक जहाज मौजूद थे। हालांकि कोई सीधा टकराव नहीं हुआ। रूसी मीडिया ने जहाज के पास हेलिकॉप्टर की तस्वीरें जारी की हैं। रूसी परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि किसी भी देश को दूसरे देश के रजिस्टर्ड जहाज पर ताकत का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि अमेरिकी सेना ने रूसी समय के मुताबिक लगभग दोपहर 3 बजे दोपहर मैरिनेरा जहाज पर कब्जा कर लिया और इसके बाद जहाज से किसी भी तरह का कम्युनिकेशन बंद हो गया। रूस ने यह भी कहा कि 24 दिसंबर को मैरिनेरा को रूसी झंडे के तहत चलने की अस्थायी अनुमति दी गई थी। दरअसल, दिसंबर 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो की सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए ह्यशैडो फ्लीटह्न पर ब्लॉकेड लगाया था। ताकि वह अमेरिका की शर्तें माने और तेल उद्योग में अमेरिकी कंपनियों को जगह दे। वेनेजुएला पर अमेरिकी प्रतिबंध की वजह से कई टैंकर सीधे तेल नहीं ले जा पा रहे थे। इसलिए वेनेजुएला और उसके ग्राहक (जैसे चीन) ह्यशैडो फ्लीटह्न का इस्तेमाल कर रहे थे। शैडो फ्लीटह्न का मतलब है ऐसे जहाज जो अपने असली स्थान और पहचान को छिपाकर तेल ले जाते हैं। ये टैंकर अपने ट्रांस्पॉन्डर बंद कर देते हैं या झंडा बदल देते हैं ताकि अमेरिका या दूसरे देश उन्हें ट्रैक न कर सकें। इसे डार्क मोड भी कहा जाता है।




## अमेरिकी अधिकारी ने कार सवार महिला को गोली मारी, मौत: वीडियो वायरल

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन



अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में बुधवार को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (क्ष्ठए) के एक एजेंट ने कार सवार महिला को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला की पहचान रेनी गुड (37) के तौर पर हुई है। वह तीन बच्चों की मां थीं। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (उ्रूर) के मुताबिक महिला ने अधिकारियों को कार से टक्कर मारने की कोशिश की थी, जिसके बाद एजेंट ने कार्रवाई की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्ष्ठए एजेंट का बचाव किया है। उन्होंने दावा किया कि महिला ने जानबूझकर अधिकारी को निशाना बनाया। शूटिंग के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्रम्प ने कहा, वीडियो बेहद डरावना है। घटना के तुरंत बाद सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए और क्ष्ठए के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई। शाम तक वहां श्रद्धांजलि सभा (विजिल) भी हुई, जिसमें लोगों ने इमिग्रेशन एजेंसियों का विरोध किया। होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम ने दावा किया कि महिला ने अधिकारियों को गाड़ी से कुचलने की कोशिश की थी। उन्होंने घटना को क्ष्ठए अधिकारियों पर किया गया घरेलू आतंकवादी हमलाह्व बताया।

हालांकि, मिनेसोटा के मेयर जैकब फ्रे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। जैकब ने कहा कि इमिग्रेशन एजेंट शहर में अराजकता फैला रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हम मांग करते हैं कि क्ष्ठए तुरंत शहर और राज्य छोड़े। हम अपने प्रवासी और शरणार्थी समुदायों के साथ मजबूती से खड़े हैंह्व उन्होंने कहा कि सुरक्षा के नाम पर अराजकता फैलाई जा रही है। परिवार तोड़े जा रहे हैं और अब लोग मारे भी जा रहे हैं।

### मादुरो के बाद वेनेजुएला के गृहमंत्री ट्रम्प के निशाने पर

मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद ट्रम्प के निशाने पर वेनेजुएला के गृह मंत्री और सुरक्षा प्रमुख डियोसदादो काबेलो आ गए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका चाहता है कि काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ मिलकर वॉशिंगटन की शर्तें मानें और देश में शांति बनाए रखें। अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है।

अमेरिका ने बिचौलियों के जरिए काबेलो को चेताया है कि अगर उन्होंने विरोध किया, तो उनका हश्र भी मादुरो जैसा हो सकता है। जिन्हें हाल ही में अमेरिका ने गिरफ्तार कर न्यूयॉर्क ले जाकर मुकदमा शुरू किया है।

हालांकि, अमेरिका फिलहाल काबेलो को तुरंत हटाना नहीं चाहता, क्योंकि ऐसा करने से सरकार समर्थक गुट सड़कों पर उतर सकते हैं और हालात बिगड़ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन को विपक्ष पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि विपक्ष इस समय शांति नहीं रख पाएगा। अमेरिका चाहता है कि हालात काबू में रहें ताकि उसकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला में काम करने का मौका मिले और अमेरिकी सेना भेजने की जरूरत न पड़े।

मादुरो की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी नेता मारिया मचाडो को देश की सत्ता सौंपने की खबरें थी। हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने इसे नकारते हुए उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को ही वेनेजुएला की सत्ता सौंपने का समर्थन किया।

फिलहाल अमेरिका डेल्सी रोड्रिग्ज को मादुरो के बाद सबसे अहम चेहरा माना जा रहा है। अमेरिका की डेल्सी से मांग है कि तेल सेक्टर खोला जाए, ड्रग तस्करी रोकी जाए, क्यूबा के सुरक्षा कर्मी हटें और ईरान से रिश्ते तोड़े जाएं। डियोसदादो काबेलो वेनेजुएला की सत्ता व्यवस्था का ऐसा नाम हैं, जिनकी ताकत और भूमिका को देश के भीतर और बाहर दोनों जगह गंभीरता से लिया जाता है।

रॉयटर्स के मुताबिक, काबेलो पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज के करीबी रहे हैं और मादुरो शासन में उन्हें सत्ता का सबसे सख्त चेहरा माना गया। फिलहाल वे देश के गृह मंत्री हैं और आंतरिक सुरक्षा, पुलिस और खुफिया एजेंसियों पर उनकी मजबूत पकड़ है। संयुक्त राष्ट्र (वठ) की जांच रिपोर्टों में काबेलो से जुड़ी एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### कोलंबिया के राष्ट्रपति की ट्रम्प को धमकी

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

वेनेजुएला में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वॉशिंगटन और लैटिन अमेरिका के देशों के रिश्तों में भारी तनाव पैदा हो गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो खुलकर अमेरिका के खिलाफ आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पेट्रो ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधी चुनौती देते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो उन्हें गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि वह कोलंबिया में ही मौजूद हैं और अमेरिका का इंतजार कर रहे हैं। पेट्रो के इस बयान ने पूरे लैटिन अमेरिका में सियासी हलचल तेज कर दी है। उन्होंने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने के बाद दिया।गौरतलब है कि मादुरो भी अगस्त 2025 में डोनाल्ड ट्रम्प को इसी तरह की चुनौती दे चुके हैं। मादुरो ने कहा था कि अगर हिम्मत है तो अमेरिका आकर उन्हें गिरफ्तार करे। इसके जवाब में अमेरिका ने मादुरो की गिरफ्तारी पर घोषित इनाम की राशि और बढ़ा दी थी।

## ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना भेज सकते हैं

### व्हाइट हाउस बोला- इस बारे में सोच रहे; क्या डेनमार्क के 200 सैनिक इसे बचा पाएंगे

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी प्रशासन ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही है। इइउ के मुताबिक व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने मंगलवार को इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इसे साकार करने के कई तरीके तलाश रही है, जिनमें सैन्य बल का इस्तेमाल भी शामिल है।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है। वहां पर रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है। उन्होंने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो




ठअळड का हिस्सा भी है। यहां पर डेनमार्क के करीब 200 सैनिक तैनात हैं। व्हाइट हाउस ने भले ही ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना का इस्तेमाल पर विचार करने की बात कही है, हालांकि अमेरिकी विदेश मंत्री की सोच इससे अलग है। रॉयटर्स के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बताया कि प्रशासन का इरादा ग्रीनलैंड पर हमला करने का नहीं है, बल्कि डेनमार्क से इसे खरीदने का है।

### ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प की इच्छा को मजाक माना था

ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प की इच्छा को मजाक समझा गया था। उठठ के मुताबिक, ग्रीनलैंड पर कंट्रोल की बात को राष्ट्रपति की बेफिजूल बकवास माना गया था। पिछले साल, डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ग्रीनलैंड की औपचारिक यात्रा की थी। इस समय भी अमेरिका की ट्रोलिंग की गई थी। यूरोपीय नेताओं ने मंगलवार को कहा कि अब वे ट्रम्प की धमकियों को गंभीरता से ले रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करने के बाद ट्रम्प सरकार अब पूरे वेस्टर्न हेमिसफेयर को ट्रम्प का इलाका मानने लगी है। ट्रम्प प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर ने सोमवार को उठठ पर कहा कि अमेरिका अब ताकत से चलने वाली नियमों का पालन कर रहा है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | 6 | | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बखन, स्वीच-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 1 | | 8 | | 5 | = | 23 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 35 | | 8 | | 25 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 35 | | 60 | | 49 | | 25 | = | 21 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 48 | | 30 | | 40 | = | 26 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 27 | | 47 | | 45 | | 45 | = | 3 / 74 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | बा | थ | च | ट | र्जी |
| णे | खु | कु | प | ई | जी | ने | शि | या | इ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | वा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | ब | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | थि | मो | ग | प | बा | शी | ह | गी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | या | तें | ह | म | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ज | स | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| वां | स | म | प | ब | लि | रा | म | भ | ग | त |

शब्दजाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

---

गणेश मावलनकर, हुकूम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रबी राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | |
| | 2 | | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | | 4 | | 5 | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था,क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!

000000000

कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो घर की सभी लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...
कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

000000000

पत्नी - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

000000000

मैडम ने बच्चों से एक सवाल पूछा...
मैडम - तुम सब में से सबसे बहादुर कौन है बच्चों...?
मैडम - अच्छा बताओ, अगर तुम्हारे स्कूल के सामने कोई बम रख दे, तो तुम क्या करोगे...?
मैडम का सवाल सुन पप्पू ने हाथ उठाया और बोला
पप्पू - मैडम जी एक, दो मिनट देखेंगे अगर कोई ले जाता है तो ठीक है, नहीं तो स्टाफरूम में रख देंगे...!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# बांग्लादेश में हिंदुओं का कत्ल, पश्चिम बंगाल तक असर:

**18 दिसंबर 2025, रात करीब 9 बजे का वक्त था। बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में भीड़ ने गारमेंट फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू दास को पकड़ लिया। ईशनिंदा का इल्जाम लगाकर भीड़ ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद दीपू के शव को फैव?ट्री से कुछ दूर ले गए और आग लगा दी। उस दिन से अब तक बांग्लादेश के अलग-अलग जिलों में 6 हिंदुओं की हत्या हुई है।**

बांग्लादेश में दीपू की हत्या का असर पश्चिम बंगाल में दिख रहा है। घटना के विरोध में यहां जगह-जगह बंगाली हिंदुओं ने प्रदर्शन किया। सिर्फ कोलकाता में ही करीब 10 हजार लोग सड़कों पर उतरे। लोगों का कहना है कि वो दिन दूर नहीं, जब पश्चिम बंगाल में भी बांग्लादेश जैसे हालात होंगे।


23 दिसंबर को हुए प्रदर्शन में शामिल 74 साल के नकुल भट्टाचार्जी कहते हैं, ह्यबांग्लादेश में दीपू दास को जैसे जिंदा जलाया गया, उससे खराब भला क्या हो सकता है। ये सब मेरे बेटे के साथ भी हो सकता है। ममता बनर्जी के राज में भी यही हो रहा है। बांग्लादेश में जैसे हिंदुओं को टॉर्चर किया जा रहा है, यहां हालात उससे अलग नहीं हैं। पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश का डुप्लीकेट बन गया है।

## लोग बोले- बांग्लादेश का डुप्लीकेट बन रहा बंगाल



वहीं 29 साल की संगीता आरोप लगाती हैं कि ममता दीदी बांग्लादेशियों और जिहादियों को पश्चिम बंगाल लेकर आ रही हैं। इससे यहां का माहौल भी खराब हो रहा। इस पर रोक लगनी चाहिए।






## परमिशन लेकर प्रदर्शन, फिर भी रोका, पुलिस वाले जिहादी हुए'

**कोलकाता में हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल रहीं नीति भट्टाचार्जी कहती हैं, ह्यदीपू दास को बहुत बुरी तरह मारा गया। वो हिंदू था, हम भी हिंदू हैं। हमें उसकी मौत का अफसोस है, इसलिए प्रदर्शन कर रहे हैं। कोलकाता पुलिस हमें ये भी नहीं करने दे रही। पुलिसवाले हमें पकड़कर मारने लगे। हमारे एक साथी की नाक तोड़ दी।**

महिलाओं के बाल खींचे और उन्हें पकड़कर जेल में डाला गया, जबकि हम शांति से विरोध कर रहे थे। हम बांग्लादेश हाई कमिशनर को वापस भेजना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर हमें रोक दिया। हमने फिर कोशिश की, तो लाठीचार्ज कर 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस वाले जिहादी हो गए हैं।

परमिशन के बारे में पूछने पर नीति कहती हैं, हिंदू जागरण मंच ने प्रदर्शन के लिए प्रशासन को मेल करके परमिशन मांगी थी। फिर भी हमें रोका गया। दोपहर 3 बजे ही हमें हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार 19 लोगों में 7 महिलाएं थीं। हम पूछते रहे कि अब आगे क्या कार्रवाई होगी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अचानक रात 2 बजे हमें मेडिकल के लिए ले जाने लगे। हम डर की वजह से नहीं गए।

इसके बाद पुलिस वाले हमारे फोन का पासवर्ड मांगने लगे। हमने मना किया तो शर्त रखी कि जो पासवर्ड बताएगा, घर पर सिर्फ उसी की बात कराएंगे। हममें से 3 महिलाओं ने बच्चों से बात करने के लिए पासवर्ड बता दिया। इसके बाद भी उन्हें फोन नहीं दिया गया। पुलिस ने थाने में लगे लैंडलाइन से उनकी घर पर बात कराई। अब भी हमारा फोन पुलिस के पास है।

### 'हम अपराधी नहीं, फिर हत्या की कोशिश का केस क्यों'

कोलकाता की रहने वाली प्रयोनीती पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहती हैं, पुलिस ने हम पर ऐसे लाठियां बरसाईं, जैसे हम अपराधी हैं। हम पर इठर की धारा 109 के तहत ऋक्षफ़ दर्ज कर अटेम्प्ट टू मर्डर का केस लगा दिया। गैरकानूनी हथियार रखने के भी चार्ज लगाए, जबकि मेरी जेब में सिर्फ एक पेन था।

नकुल भी यही आरोप लगाते हैं। वे कहते हैं, हम सिर्फ प्रदर्शन करने गए थे, लेकिन हमें जेल में डाल दिया। 3 से 4 दिन जेल में ही रखा। बहुत टॉर्चर किया। मेरे सामने ही एक लड़की को पुलिस वालों ने इतना पीटा कि उसे देखकर मैं डर गया। हमने तो कोई चोरी-मर्डर भी नहीं किया। फिर हमें ऐसा टॉर्चर क्यों किया गया।'

प्रदर्शन का हिस्सा रहे मोहम्मद सरफराज बताते हैं, लाल बाजार हेडक्वार्टर के कुछ पुलिसवाले हमसे हमदर्दी रखते थे। उन्होंने कहा कि आप लोगों पर कई गलत इल्जाम लगे हैं। हम मजबूर हैं, हम पर ऊपर से दबाव है। कुल 8 धाराओं में केस हुआ, लेकिन सिर्फ सरकारी काम में बाधा डालने के अलावा सब धाराएं गलत लगाई गई हैं।

बांग्लादेश में हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल में बने माहौल को लेकर हमने TMC प्रवक्ता प्रदीप्त मुखर्जी से बात की। वे कहते हैं, 'BJP चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में ऐसा नैरेटिव तैयार करना चाहती है कि TMC सरकार यहां रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को बसा रही है। वे TMC के लिए वोट करते हैं और बदले में उन्हें प्रोटेक्शन मिलता है। ऐसा बिल्कुल भी नहीं है।

ये इंटरनेशनल डिप्लोमैटिक मुद्दा है, इसे लेकर ळटउ सरकार हमेशा से केंद्र के साथ है। देश की इंटीग्रिटी और यूनिटी को लेकर जो काम किया जाएगा, हम उसमें साथ देंगे। पार्टी के जनरल सेक्रेटरी अभिषेक बनर्जी पहले भी कह चुके हैं कि हम देश की अखंडता के लिए काम करेंगे।

BJP लीडर शुभेंदु अधिकारी जानबूझकर गलत नैरेटिव तैयार करना चाहते हैं कि बंगाल में हिंदू खतरे में है। वे गलत खबर फैलाते हैं, जैसे एक फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती का डायलॉग है- आमी खबर देखी ना, खबर सुनी ना, आमी खुद ही खबर तैयारी करी। हम ये नैरेटिव तोड़ेंगे और विधानसभा चुनाव में 215 से ज्यादा सीटें जीतेंगे।

### बांग्लादेश में धर्म के लिहाज से आबादी



| धर्म | आबादी | प्रतिशत (%) |
|---|---|---|
| मुस्लिम | 15.01 करोड़ | 88.39% |
| हिंदू | 1.31 करोड़ | 7.95% |
| बौद्ध | 8.68 लाख | 0.51% |
| ईसाई | 6.62 लाख | 0.39% |
| अन्य | 78 हजार + | 0.05% |



BJP प्रवक्ता ज्योति चटर्जी का कहना है, ह्यबांग्लादेश में बंगाली हिंदुओं की संख्या बहुत कम हो गई है। आने वाले समय में बंगाली हिंदू खत्म हो जाएंगे। दीपू दास की तरह बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाप-बेटे को मार दिया। बांग्लादेश और बंगाल दोनों जगह बंगाली हिंदुओं की भाषा और कल्चर खत्म किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गाजा के लिए बोलती हैं, लेकिन हिंदुओं के लिए आवाज नहीं उठातीं। आने वाले वक्त में हम सब दीपू दास बन जाएंगे। हमारी संख्या घट रही है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या

**18 दिसंबर 2025** | मैमनसिंह

धार्मिक बेअदबी का आरोप लगाकर **दीपू चंद्र दास** को पीट-पीटकर मार डाला, फिर पेड़ से बांधकर आग लगा दी



**24 दिसंबर 2025** | राजबाड़ी



29 साल के **अमृत मंडल** को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला

**30 दिसंबर 2025** | मैमनसिंह

कपड़ा फैक्ट्री में **ब्रजेन्द्र बिस्वास** की उनके सहकर्मी ने गोली मारकर हत्या की



**31 दिसंबर 2025** | शरियतपुर



**खोकन चंद्र दास** को भीड़ पेट्रोल डालकर आग लगा इलाज के दौरान 3 जनवरी 2026 को उनकी मौत हो ग

**5 जनवरी 2026** | जेसोर

**राणा प्रताप बैरागी** की गोली मारकर हत्या



**5 जनवरी 2026** | नरसिंगदी



**शरत चक्रवर्ती मणि** की धारदार हथियार से हमला कर हत्या

■ वर्ष-12 अंक-67 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 08 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

**परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।**
**वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम्॥**

**भावार्थ** : पीठ पीछे काम बिगाड़नेवाले था सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए।

**माता शत्रुः पिता वैरी येनवालो न पाठितः।**
**न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये वको यथा॥**

**भावार्थ** : बच्चे को न पढ़ानेवाली माता शत्रु तथा पिता वैरी के समान होते हैं। बिना पढ़ा व्यक्ति पढ़े लोगों के बीच में कौए के समान शोभा नहीं पता।

## छावनीमण्डलस्य नववर्षोत्सवे सेनाबैण्डस्य धुनयः प्रेक्षकान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुरस्य छावनीमण्डलेन वर्षस्य प्रथमे रविवासरे टैगोरपार्के नववर्षस्य उत्सवस्य आयोजनं कृतम्, यत्र आमीबैण्ड् (सिग्नल) १ एमटीआर तथा इस्कॉन् संस्थायाः सह। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कैंट विधायक अशोक रोहानी, सीएसपी उदय बागरी, भजन जामिंग ब्रिटिश फोर्ट स्कूल के अनुराग सोनी, तथा कैंट बोर्ड के स्वास्थ्य अधिकारी अभयजीत सिंह परिहार दीप प्रज्वलित करते हुए। सेनाबैण्ड इत्यनेन मुख्यातिथिः कैन्ट् विधायकः अशोक रोहानी इत्यादीनां अतिथिनां उपस्थितौ देशभक्तिगीतानि, भक्तिगीतानि, सांस्कृतिकगीतानि च प्रदर्शितानि। भजनकार्यक्रमे इस्कॉन् समूहः विवा ओ रामसमूहः च भक्तिगीतानि गायितवन्तः, वादयन्ति च। गीतैः सह भक्तिगीतैः सह उद्याने उपस्थितानां जनानां मध्ये देशभक्ति-उत्साहः उत्पन्नः, प्रचुरं मनोरञ्जनं च प्राप्य सम्पूर्णं उद्यान-प्राङ्गणं भक्त्या पूरितम्।

## सम्पादकीयम्

### विलोपनार्थं आधाराः

अनेकाः कोटिजनाः मतदानस्य अधिकारं नष्टुं शक्नुवन्ति। विलोपनार्थं आधाराः। निर्वाचनआयोगेन मतदातासूचिकातः नामानि निष्कासयितुं चतुर्णां आधारेण निर्णयः कृतः अस्ति : 1. अनुपस्थितः (अर्थात् मतदातापते गतः कर्मचारी तान् न प्राप्नोत्, तेषां विषये कोऽपि सूचनां न प्राप्तवान्), 2. स्थानान्तरितः (अर्थात् मतदाता अन्यत्र निवसति इति सूचना अभवत्), 3. मृतः, तथा 4. डुप्लिकेट् (अर्थात् एकस्यैव व्यक्तिस्य नाम बहुस्थानेषु पञ्जीकृतं प्राप्तम्)। एतादृशानि सर्वाणि नामानि अपसारयित्वा नूतनसूची मण्डलस्य निर्वाचनस्थले सार्वजनिकं क्रियते। यस्य कस्यचित् आक्षेपः अस्ति सः आवश्यकानि दस्तावेजानि प्रस्तुय विलोपितं नाम योजयितुं शक्नोति। अननक्शे मतदातानां कथा। एसआईआर इत्यस्य अत्यन्तं विवादास्पदस्य मुद्देः कथा-'अनमैप्ड्' मतदातानां कथा-अत्र आरभ्यते। अस्य अर्थः अस्ति यत् भवान् सम्प्रति स्वनिवासस्थाने जीवति, स्वस्थः च अस्ति, मतदातासूचौ भवतः नाम समाविष्टम् अस्ति, परन्तु भवतः स्थानं वा निकटबन्धुः वा २००३ तमे वर्षे एस.आइ.आर. एतादृशे सति भवद्भिः सिद्धं कर्तव्यं भविष्यति यत् भवान् भारतीयनागरिकः अस्ति, परन्तु मूलतः अन्यदेशस्य अस्ति तथा च तत्र मतदातासूचिकातः भवतः नाम हत्वा अत्र सूचीयाः भागः अभवत्। घुसपैठिनः विषयः। एकः विशेषः राजनैतिकदलः अनमैप्ड् वर्गं मास्टरस्ट्रोक इति कथयति स्म-यत् एतत् सर्वान् विदेशीय-घुसपैठिनः छानयित्वा पृथक् करिष्यति इति दावान् करोति तथापि एतादृशं किमपि अद्यापि न घटितम्। बिहारे बहूनां घुसपैठिनः मतदाताः।

## निर्वाचनआयोगेन सर्वोच्चन्यायालये उक्तं यत् निर्वाचनसूचिकासु

# एकमपि विदेशीयनाम न तिष्ठति इति तस्य संवैधानिकदायित्वम् अस्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतस्य निर्वाचनआयोगेन सर्वोच्चन्यायालये निर्वाचनसूचीनां प्रचलित विशेषसघनपुनरीक्षणस्य दृढतया रक्षणं कृत्वा स्पष्टीकृतं यत् देशस्य निर्वाचनसूचीं विदेशीयनागरिकाणां मुक्तं स्थापयितुं न केवलं तस्य अधिकारः अपितु तस्य अनिवार्यः संवैधानिककर्तव्यः अपि अस्ति। आयोगेन एसआईआर समान्तरराष्ट्रीयनागरिकपञ्जिका इति आरोपाः स्पष्टतया अङ्गीकृताः, केवलं राजनैतिककानूनीवाक्पटुता इति उक्तवान् निर्वाचनआयोगेन सर्वोच्चन्यायालये उक्तं यत् लोकतान्त्रिकप्रक्रियायाः पवित्रतां सुनिश्चित्य संविधानस्य अन्तर्गतं उत्तरदायित्वं तस्मै न्यस्तम्, तस्य आवश्यकता अस्ति यत् केवलं योग्याः भारतीयनागरिकाः एव निर्वाचनसूचिकासु समाविष्टाः भवेयुः। सुनवायीकाले निर्वाचनआयोगेन न्यायालयस्य समक्षं रेखांकितम् यत् राष्ट्रियनागरिकपञ्जिकायाः निर्वाचनसूचीनां पुनरीक्षणस्य च मध्ये मौलिकः स्पष्टश्च भेदः अस्ति, यत् जानी-बूझकर धुन्धलं क्रियते। आयोगेन उक्तं यत् एनआरसी-प्रयोजनं देशस्य सर्वेषां नागरिकानां पहिचानम् अस्ति, यदा तु निर्वाचनसूची तेषु व्यक्तिषु सीमितं भवति ये १८ वर्षाणि प्राप्तवन्तः, मानसिकरूपेण स्वस्थाः सन्ति, भारतीयनागरिकाः च सन्ति। अतः एसआईआर-सङ्घस्य एनआरसी-समानीकरणं न केवलं तथ्यतः अशुद्धं अपितु संवैधानिकप्रक्रियाणां दुर्व्याख्यानम् अपि अस्ति।

निर्वाचनआयोगेन एतदपि उक्तं यत् स्वस्य संवैधानिकशक्तयोः अन्तर्गतं नागरिकतायाः स्थितिं सत्यापयितुं तस्य अधिकारः अस्ति, यतः भारतीयनागरिकता निर्वाचनसूचौ समावेशस्य पूर्वापेक्षा अस्ति। यदि कस्यचित् व्यक्तिस्य नागरिकतायाः विषये उचितसंशयः उत्पद्यते तर्हि आयोगस्य आवश्यकदस्तावेजान् प्रमाणानि च अनुरोधयितुं अधिकारः अस्ति। आयोगेन न्यायालयं सूचितं यत् एषा प्रक्रिया कस्यापि समुदायस्य वा वर्गस्य वा लक्ष्यं कर्तुं न स्वीक्रियते, अपितु निर्वाचनसूची त्रुटिरहितं विश्वसनीयं च भवतु इति सुनिश्चित्य। आयोगेन स्वस्य तर्केषु गम्भीरचिन्ता प्रकटिता यत् यदि विदेशीयनागरिकाणां नामानि निर्वाचनसूचौ तिष्ठन्ति तर्हि न केवलं देशस्य आन्तरिकसुरक्षायाः कृते खतरा भवति अपितु लोकतन्त्रस्य आधाराः अपि दुर्बलाः भवन्ति। निर्वाचनआयोगस्य अनुसारं लोकतान्त्रिकव्यवस्थायां प्रत्येकं मतदानं महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति, यदि अयोग्याः व्यक्तिः मतदानप्रक्रियायां भागं गृह्णाति तर्हि जनादेशस्य शुद्धतायाः क्षतिः भवितुम् अर्हति अत एव विशेषं गहनं पुनरीक्षणं घण्टायाः आवश्यकता इति उच्यते, विशेषतः यदा मतदातासूचिकासु विसंगतानां।

## राजस्थाने महिषस्य

### तस्य वत्सस्य च स्वामित्वविषये एकः अद्वितीयः विवादः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोटा

राजस्थानस्य कोटामण्डले एकः अद्वितीयः रोचकः च प्रकरणः उद्भूतः, येन पुलिस-प्रशासनं किञ्चित्कालं यावत् भ्रमितं जातम्। एकस्यैव महिषस्य तस्य वत्सस्य च स्वामित्वं द्वौ व्यक्तिं दापितवन्तौ। विवादः एतावत्पर्यन्तं वर्धितः यत् अन्ततः पशुचिकित्सापरीक्षाणां चिकित्साप्रतिवेदनानां च आधारेण तस्य समाधानं कर्तव्यम् आसीत्। अयं प्रकरणः न केवलं ग्रामीणक्षेत्रेषु पशुस्वामित्वविवादानाम् जटिलतां प्रकाशयति, अपितु प्रशासनं वैज्ञानिकतया निष्पक्षतया च एतादृशानां विषयाणां समाधानार्थं कथं प्रयतते इति अपि प्रकाशयति।

पुलिसस्य मते एषः प्रकरणः कोटानगरस्य कुन्हाडीपुलिसस्थानक्षेत्रे अभवत्। नारायणविहारनिवासी रामलालः प्रायः एकमासपूर्वं शिकायतां कृतवान् यत् तस्य महिषः तस्याः वत्सः च सहसा अन्तर्धानं जातः इति। रामलालः अवदत् यत् सः तान् बहुवारं अन्वेषयति स्म किन्तु तेषां लेशं न प्राप्नोत्। इत्थं च दिनद्वयपूर्वं रामचन्द्रपुरमार्गीयबस्तीक्षेत्रे इन्द्रजीतकेवटस्य परिसरे महिषः वत्सः च बद्धौ इति सूचना प्राप्ता यदा रामलालः आगतः तदा सः तत्क्षणमेव तान् स्वस्य एव इति दावान् अकरोत्।

इन्द्रजीत केवटः रामलालस्य दावस्य घोरविवादं कृतवान्। इन्द्रजित् इत्यनेन उक्तं यत् सः वर्षद्वयात् पूर्वं बडीग्रामात् महिषं क्रीतवान्, अधुना सा प्रायः सप्तवर्षीया अस्ति इति। तस्य मते महिषवत्सयोः पूर्णाधिकारः आसीत्, रामलालस्य दावो मिथ्या इति च। एतेन तयोः मध्ये विवादः जातः, स्थानीयतया निराकरणस्य स्थाने पुलिस-स्थानम् अपि अभवत्।

## राशिफल

**मेष** : चीजें अपनी रफ्तार से नहीं चल रहीं। कामकाज में दबाव रहेगा, जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी, पर आप उनसे भागने वाले नहीं हैं।

**वृषभ** : काम में स्थिरता आएगी और लोग आपकी मेहनत को समझेंगे। मन थोड़ा हल्का रहेगा और परिवार का साथ अच्छा महसूस होगा।

**मिथुन** : बातचीत आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी, इसलिए मन की बात दबाकर न रखें। काम में नए आइडिया आएंगे।

**कर्क** : कामकाज में जिम्मेदारी बढ़ेगी और परिवार से जुड़ी बातें ज्यादा सोचने पर मजबूर करेंगी।

**सिंह** : काम में नेतृत्व करने का मौका मिलेगा, लेकिन अहंकार बीच में न आने दें। पैसों के मामले में नए मौके बन सकते हैं।

**कन्या** : थकान भी रहेगी, लेकिन अंदर से संतोष महसूस होगा। पैसों की स्थिति धीरे-धीरे मजबूत होगी।

**तुला** : आप हर चीज को बहुत बारीकी से देख रहे हैं। कामकाज में सब कुछ ठीक रखने की कोशिश आपको थका सकती है।

**वृश्चिक** : नए विचार, नए रास्ते और अलग नजरिया लोगों को प्रभावित करेगा। काम में इनोवेशन से फायदा हो सकता है।

**धनु** : फैसले लेने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। कामकाज में दूसरों की राय अहम रहेगी।

**मकर** : यह समय खुद को समझने और पुराने घावों से बाहर आने का है। काम में बदलाव या नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कुंभ** : काम में नई दिशा मिल सकती है, जिससे उत्साह बढ़ेगा। पैसों का खर्च यात्रा, पढ़ाई या किसी योजना पर हो सकता है।

**मीन** : कामकाज में मन लगेगा, लेकिन ध्यान भटक भी सकता है। पैसों में खर्च बढ़ सकता है, इसलिए संतुलन जरूरी है।

## ज्योतिष/वास्तु

# फरवरी में मंगल और राहु की युति से बनने वाला विस्फोटक योग तीन राशियों की बढ़ाएगा मुश्किलें

ज्योतिष शास्त्र की गणनाओं के अनुसार वर्ष 2026 की शुरुआत के साथ ही ग्रहों की चाल में होने वाले बड़े परिवर्तन देश-दुनिया समेत व्यक्तिगत जीवन में बड़ी हलचल पैदा करने के संकेत दे रहे हैं जिसमें सबसे अधिक चर्चा फरवरी माह में बनने वाले एक अत्यंत विनाशकारी और अशुभ संयोग की हो रही है। ग्रहों के सेनापति कहे जाने वाले साहस और ऊर्जा के प्रतीक मंगल देव जब 23 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजकर 57 मिनट पर कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे तो वहां पहले से ही मौजूद मायावी ग्रह राहु के साथ उनकी युति होगी जिससे ज्योतिषीय दृष्टिकोण से बेहद खतरनाक माने जाने वाले 'विस्फोटक योग' का निर्माण होने जा रहा है। यह खगोलीय और ज्योतिषीय घटना केवल एक साधारण राशि परिवर्तन नहीं है बल्कि इसके प्रभाव से जनमानस के बीच भारी तनाव, क्रोध और अनचाहे संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होने की प्रबल आशंका जताई जा रही है क्योंकि मंगल यदि अग्नि और राहु की वायु जब एक साथ मिलते हैं तो वह एक अनियंत्रित ऊर्जा को जन्म देते हैं जिसे संभालना किसी भी जातक के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

ज्योतिषविदों का मानना है कि मंगल और राहु का यह संयोग 2 अप्रैल 2026 तक कुंभ राशि में बना रहेगा और इस पूरी अवधि के दौरान विस्फोटक योग पूरी तरह सक्रिय रहेगा जिसका सीधा और नकारात्मक प्रभाव विशेष रूप से मेष, धनु और मकर राशि के जातकों पर देखने को मिलेगा। मेष राशि के जातकों के लिए यह योग उनके ग्यारहवें भाव में निर्मित हो रहा है जो कि लाभ और आय का स्थान माना जाता है लेकिन मंगल-राहु की यह युति लाभ के स्थान पर अप्रत्याशित हानि और आर्थिक झटकों के संकेत दे रही है जिससे इस राशि के लोगों को निवेश के मामलों में अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस दौरान मेष राशि वालों को अपने मित्रों और व्यावसायिक संपर्कों से भी सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि भरोसेमंद लोगों से धोखा मिलने की संभावना बढ़ जाएगी जिससे न केवल धन की हानि होगी बल्कि मानसिक संताप भी झेलना पड़ सकता है।

इसी क्रम में धनु राशि के जातकों के लिए यह विस्फोटक योग उनके तीसरे भाव में बनेगा जो साहस, पराक्रम और भाई-बहनों के साथ संबंधों को दर्शाता है लेकिन राहु के प्रभाव से यह साहस दुस्साहस में बदल सकता है और जातकों की वाणी में कठोरता आने के कारण बने बनाए काम बिगड़ सकते हैं। धनु राशि वालों को इस अवधि में छोटी दूरी की यात्राओं और कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि छोटी सी लापरवाही बड़ी कानूनी उलझनों का कारण बन सकती है और भाई-बहनों के साथ संपत्ति या अन्य विषयों पर होने वाला विवाद हिंसक रूप भी ले सकता है। वहीं मकर राशि के जातकों के लिए यह योग उनके दूसरे भाव यानी धन और कुटुंब के स्थान पर प्रभावी होगा जिससे उनके पारिवारिक जीवन में अशांति और आर्थिक अस्थिरता का दौर शुरू हो सकता है। मकर राशि वालों को इस दौरान अपने संचित धन को बचाने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा और अचानक आए खर्चों के कारण उनका बजट पूरी तरह बिगड़ सकता है साथ ही कठोर वाणी के प्रयोग से परिवार के सदस्यों के साथ रिश्तों में ऐसी दरार आ सकती है जिसे भरना भविष्य में कठिन होगा।

देश और दुनिया के संदर्भ में देखा जाए तो मंगल और राहु की यह युति प्राकृतिक आपदाओं, आगजनी की घटनाओं और राजनीतिक अस्थिरता का कारक भी बन सकती है क्योंकि कुंभ राशि में बना यह विस्फोटक योग जनमानस में असंतोष और विद्रोह की भावना को बढ़ाता है। ज्योतिष शास्त्र में मंगल को रक्त और युद्ध का स्वामी माना गया है जबकि राहु को षड्यंत्र और भ्रम का, ऐसे में इन दोनों का मिलन सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव और देश के भीतर आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौतियां खड़ी कर सकता है। पंडितों और ज्योतिषीय विशेषज्ञों का सुझाव है कि जिन जातकों की कुंडली में यह योग अशुभ प्रभाव डाल रहा है उन्हें इस दौरान भगवान शिव और हनुमान जी की विशेष आराधना करनी चाहिए तथा क्रोध पर नियंत्रण रखते हुए किसी भी प्रकार के बड़े निवेश या नए कार्य की शुरुआत से बचना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### बदमाशों ने मांगा हफ्ता, नहीं देने पर मारे चाकू

**उज्जैन।** देसाईनगर में रहने वाला चिराग पिता नंदकिशोर सेन गैरेज संचालित करता है। रात में वह कंचनपुरा बगीचे के पास से गुजर रहा था। उसी दौरान कंचनपुरा में रहने वाले बदमाश गोविंदा और उसके साथी ने रोक लिया। बदमाशों ने मोहल्ले में आने और घूमने के एवज में हर हफ्ते 500 रुपए हफ्ता देने की बात कहीं। चिराग ने रुपए देने से मना किया तो गोविंदा ने अपने साथी के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया। माधवनगर थाना एएसआई एमएस अलावा ने बताया कि घायल को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके बयान दर्ज कर मामले में बदमाशों के खिलाफ हफ्ता वसूली और नुकुली चीज से मारने का प्रकरण दर्ज किया गया है। गोविंदा हिस्ट्रीशिटर बदमाश है। जिसकी गिरफ्तारी पर उसके साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### मिस्त्री पर अज्ञात बदमाशों ने पीछे से किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम ऊंटवास में रहने वाला विरेन्द्र पिता राजेन्द्रसिंह मिस्त्री का काम करता है। वह ग्राम खरसौदकला गया हुआ था। जहां से मंगलवार-बुधवार रात बाइक से अपने गांव लौट रहा था। घर से कुछ दूरी पर पीछे से आये 2 बदमाशों ने लाठियों से हमला कर दिया। विरेन्द्र सिर में चोंट लगने पर घायल हो गया। गांव वालों ने उसे देखा तो परिजनों को सूचना दी। पत्नी और भाई घटनास्थल पहुंचे और विरेन्द्र को उपचार के लिये उज्जैन अस्पताल लाया गया। घायल का कहना था कि वह हमला करने वालों का नहीं पहचानता है। किसी से कोई रंजीश भी नहीं है। ऐसा ही मामला महिदपुर के ग्राम सेमलिया में हुआ। बनेसिंह पिता प्रहलादसिंह भाटी 32 साल बाइक से घर लौट रहा था। गांव में हनुमान मंदिर के सामने उसे कुछ बदमाशों ने रोक लिया और बिना कारण गाली-गलौच करते हुए लोहे के पाईप से हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

### खेत से गाड़ी निकालने की बात पर हुआ विवाद

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम लसुडिया में ईश्वर पिता मोहनलाल परमार अपने खेत में उगाये गये मटर की फसल तोड़ने के बाद पिकअप में भरकर निकला रहा था। उसी दौरान पड़ोसी खेत मालिक नागेश्वर के खेत में पिकअप का पहिया उतर गया। इसी बात पर नागेश्वर ने विवाद करते हुए अपने रिश्तेदार धर्मेन्द्र के साथ मिलकर लाठियों से हमला कर दिया। मामले में भाटपचलाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### आयशर चालक की लापरवाही से हुई थी युवक की मौत

**उज्जैन।** तराना-खारपा मार्ग पर 19 दिसंबर को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार राहुल पिता रामचंद्र गोयल 28 साल निवासी ग्राम बिकलाखेड़ी बेरछा शाजापुर की मौत हो गई थी। कायथा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। इस दौरान सामने आया कि मृतक की बाइक को आयशर चालक ने टक्कर मारी थी। जिसके चलते राहुल की मौत हुई थी। प्रधान आरक्षक संतोष चोडिया ने बताया कि जांच के बाद आयशर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में धारा 281, 125 ए, 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। आयशर जप्त कर चालक को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 5 | 0 |

## बैंककर्मी की समझदारी, पुलिस समझाइश से टली ठगी

# ठगों की जाल में 24 घंटे फंसे रहे सेवानिवत्त आर्मी अधिकारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन। आर्मी से सेवानिवृत्त अधिकारी को सायबर ठगों ने 24 घंटे तक डिजीटल अरेस्ट कर रखा और गिरफ्तारी से बचने के लिये 3 लाख की मांग करते रहे। बैंककर्मी की समझदारी और पुलिस की समझाईश के बाद ठगी की वारदात टल गई। सेवानिवृत्त अधिकारी और उनकी पत्नी को डिजीटल अरेस्ट से मुक्त कराकर पुलिस ने मामले का खुलासा किया।

बुधवार दोपहर को नईसड़क भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सिनियर एसोसिएट प्रियांक ने बैंक आये वृद्ध को लगातार फोन पर बात करते और काफी घबराई हालत में देखा। वह अपने खाते से 3 लाख का आरटीजीएस कराना चाहते थे। उन्हे देख सिनियर एसोसिएट को संदेह हुआ। उन्होने तत्काल अपनी रिश्तेदार खाचरौद एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे को जानकारी दी। एसडीपीओ ने वाट्सएप ग्रुप पर जानकारी शेयर कर राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया। माधवनगर सीएसपी दीपिका शिंदे और कोतवाली सीएसपी राहुल देशमुख ने बैंक शाखा प्रबंधक से फोन पर चर्चा की और खाताधारक को कुछ देर रोकने के साथ





आरटीजीएस प्रक्रिया में जल्दबाजी नहीं करने की बात कहीं। दोनों सीएसपी तत्काल दोपहर 3 बजे के लगभग बैंक पहुंच गये। उन्होने खाताधारक से पूछताछ की लेकिन वह आरटीजीएस करने पर अड़े रहे। दोनों अधिकारियों ने वृद्ध खाताधारक को समझाने का प्रयास किया, बमुश्किल वह समझे लेकिन उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। मामला डिजीटल अरेस्ट से जुड़ा था, सायबर ठगों ने उन्हे मनी लॉड्रिंग का झांसा देकर मंगलवार दोपहर से अपने जाल में फंसा रखा था और गिरफ्तारी का भय दिखा रहे थे। एसपी प्रदीप शर्मा ने देर शाम मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सायबर ठगों के जाल में फंसे वृद्ध ग्राम लेकोड़ा के रहने वाले है और आर्मी लेफ्टिनेंट के पद से सेवानिवृत्त है। सेवानिवृत्ति के बाद वह गांव में परिवार के साथ रहने आये हुए है। उन्हे डिजीटल अरेस्ट के भय से मुक्त करा लिया गया है। वहीं मामले में ठगों द्वारा उनके वाट्सएप पर भेजे गये फर्जी दस्तावेजों की जांच शुरू की गई है। ठगों से जुड़े मामले का पता लगाकर उसका भी खुलासा किया जायेगा।

### वीडियो कॉल पर रहे रातभर सोने नहीं दिया

सेवानिवत्त लेफ्टिनेंट से बताया कि मंगलवार दोपहर उनके पास वाट्सएप पर कॉल आया था। उन्होने मुम्बई पुलिस अधिकारी बताकर कहा कि केनरा बैंक में आपका अकाउंट है। जिसमें ढाई करोड़ रुपए जमा है, मामला फ्रॉड का है। उन्होने कॉल धारक को कैनरा बैंक में आकाउंट नहीं होने की बात कहीं तो उन्होने कहा कि उनके नाम से सीम कार्ड का उपयोग मनी लॉड्रिंग में हुआ है। एटीएम कार्ड संदिग्ध के नाम पर है जिसे मुम्बई सीबीआई ने जप्त किया है। अब तक 136 की गिरफ्तारी हो चुकी है और आप 137 नम्बर पर है। उन्होने वाट्सएप कॉल पर ही पुलिस कार्यालय जैसा दृश्य दिखाया। कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा भी बात की गई। बॉम्बे हाईकोर्ट के नाम से गिरफ्तारी वारंट भी भेजा। वह काफी डर गये थे। कॉल करने वालों ने रातभर सोने भी नहीं दिया।

### गोपनीय समझौते की शर्तो का भेजा पत्र

सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर को आये कॉल के बाद काफी देर तक डराया-धमकाया गया और गिरफ्तारी का डर दिखाते रहे। उन्होने गोपनीय समझौते का पत्र भेजा। जिसमें आईपीसी की धारा के साथ मनी लॉड्रिंग का उल्लेख किया गया था और न्यायिक अधिकारियों के पास भेजने की बात कहीं गई। देश नहीं छोड़ने के साथ पत्र में सजा का प्रावधान भी बताया गया। सब बातों से बचने के लिये 3 लाख की मांग की गई। वह बुधवार दोपहर बैंक 3 लाख का आरटीजीएस करने पहुंचे थे। लेकिन उज्जैन पुलिस की तत्परता से वह ठगी का शिकार होने से बच गये।

# वृद्ध की पेड पर महिला की घर में लटकी मिली लाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मायके में रह रही महिला और शराब पीने के आदी वृद्ध ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वृद्ध की पेड़ पर लाश लटकी थी, महिला को घर दरवाजा तोड़कर फंदे से उतारा गया।

पहला मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेम एवेन्यू कालोनी के गेट से कुछ दूरी पर दोपहर में सामने आया। पेड़ पर रस्सी के फंदे से वृद्ध का लटका देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का नीचे उतारा, उसकी पहचान करने पर सामने आया कि समीप कालोनी अपना नगर का रहने वाला देवीलाल पिता फूलसिंह 55 साल है। परिजन खबर मिलते ही मौके पर पहुंच गये थे। परिजनों ने बताया कि देवीलाल दूध का व्यवसाय करता था। उसके ब्रेन का ऑपरेशन हो चुका है, डॉक्टरों ने शराब पीने से मना किया था, बावजूद 4 दिनों से दिन-रात शराब पी रहा था। सुबह भी घर से निकल गया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजा।

फांसी लगाने का दूसरा मामला पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम सैलारी का है। यहां रहने वाली तनुबाई पति सोनू बंजारा 23 साल ने घर का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली थी। दोपहर में 3 बजे के लगभग परिजन घर लौटते तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई।

# वाहन चोर जहरीली शराब के साथ पकड़ाया बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



बदनावर की ओर से बड़नगर की ओर अवैध शराब लेकर आ रहे बदमाश की खबर मिलने पर बुधवार को पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसके पास से जहरीली शराब से भरी केन बरामद की गई। पूछताछ में उसने बाइक चोरी करना भी कबूल कर लिया। पुलिस ने झाडियों में छुपाकर रखी बाइक बरामद की है।

**बदनवार मार्ग पर झाडियों में छुपाकर रखी थी चुराई बाइक**

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कस्बा भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि भेरू मंदिर के पास बदनावर रोड से एक व्यक्ति थैली में कच्ची हाथ भट्टी से बनी शराब की केन छुपाकर बड़नगर की ओर आ रहा है। तत्काल एसआई हेमंत कटारे, एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, नारायण सरा, राकेश रायकवार की टीम को घेराबंदी के लिये रवाना किया गया। टीम ने बदनावर मार्ग पर घेराबंदी कर थैली में प्लास्टिक की केन छुपाकर ला रहे व्यक्ति का पकड़ा और तलाशी ली। उसके पास से केन में भरी 10 लीटर जहरीली शराब बरामद हो गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर आरोपी का नाम सुभाष पिता सिमुन राणा निवासी बड़ी धामनी थाना थांदला जिला झाबुआ होना सामने आया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34, 49-ए का प्रकरण दर्ज किया गया।

## पड़ोसी ने चुराये थे दवा कारोबारी के मकान से लाखों के आभूषण

# पुलिस ने लिया हिरासत में आभूषण-नगदी बरामद करने का प्रयास

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दवा कारोबारी के मकान में संदेहास्पद तरीके से हुई लाखों की चोरी के मामले में पड़ोसी आरोपी होना सामने आया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ कर चोरी किये आभूषण और नगदी बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के ओम सांई अपार्टमेंट में रहने वाले मयूर पिता सुनील कुमार कृष्णानी दवा कारोबारी है। दवा बाजार में वह व्यवसाय करते है। 11 दिंसबर को उनकी पत्नी मायके रायपुर चली गई थी। इस दौरान मयूर कृष्णानी मकान का ताला लगाकर दवा बाजार चले जाते थे। 31 दिसंबर को पत्नी मायके



से लौटी और रूपयों की आवश्कता होने पर चाबी मांगकर लॉकर खोला। उसमें रखे सोने-चांदी और डायमंड आभूषण लगभग लगभग 500 ग्राम, चांदी के सिक्के 500 ग्राम और 12 से 15 लाख केश गायब थे। बिना ताला टूटे हुए लाखों की चोरी से परिवार सकते में आ गया। उन्होने पहले घर में तलाश की लेकिन नहीं मिले। घर के सामने रहने वाले लविश टहलवानी के यहां लगे कैमरों के फुटेज देखने के लिये मांगे तो उसने रिकार्डिंग डिलीट होने की बात कहीं। उससे डीवीआर मांग गया और रिकार्डिंग रिकवर कराने की बात कहीं। वह आनाकानी करने लगा। जिसके चलते उस पर ही संदेह होने लगा। डीवीआर लेकर रिकार्डिंग कराने के लिये परिचित से संपर्क किया गया। इसी बीच लविश ने उक्त दुकानदार को कॉल कर जानकारी देने से मना कर दिया। इस बात का पता चलते ही मयूर को चोरी का पक्का संदेह पडोसी पर हो गया। मामले की शिकायत बुधवार को नीलगंगा थाने पहुंचकर की गई। पुलिस ने लविश को हिरासत में लिया तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार लाखों की चोरी का खुलासा होने पर आरोपित से पूछताछ कर माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

### चोरी के रूपयों से कर्ज चुकाया, खरीदा मोबाईल

बताया जा रहा है लविश का मयूरी के घर आना जाना था। उसे घर की जानकारी थी। उसने मकान की दो चाबी में से एक चाबी चोरी कर ली थी। 11 दिसंबर को मयूर की पत्नी के मायके जाते ही लविश ने चोरी की योजना बनाई। मसूरी भी सुबह से देर शाम तक दवा बाजार में प्रेम मेडिकल फार्मा पर रहते थे। इसी का फायदा उठाकर उसने चाबी से ताला खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नगद राशि चोरी करने पर उसने अपना कर्ज उतारा, कुछ आभूषण बेच दिये और मोबाइल के साथ बाइक खरीद ली। पुलिस चोरी से खरीदे सभी सामान की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com